इंदौर, शनिवार 15 नवंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 17
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

कांग्रेस को सबक, जमीनी राजनीति करो- सीएम



पेज-2

कुलदीप बने 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज



पेज-5

बाकानेर, गणपति घाट 6 माह में उखड़ा



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- पीएम मोदी सूरत पहुंचे, बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा करेंगे
- झारखंड के रांची में धुर्वा डैम में बड़ा हादसा, डूबने से तीन पुलिसकर्मियों की मौत
- दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस ने एक और FIR दर्ज की, जांच हुई तेज
- कोलकाता की 26 एज़रा स्ट्रीट पर इलेक्ट्रॉनिक्स वेयरहाउस में लगी बड़ी आग, दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर
- दिल्ली में स्मॉग की मोटी परत के पीछे गायब दिखा इंडिया गेट, इलाके का AQI 369 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज
- चिराग पासवान आज प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे
- दिल्ली : लाल किले के पास ब्लास्ट वाली जगह से क्रेन हटा रही है मलबा
- अमेरिका : बढ़ती महंगाई के बाद ट्रंप ने बीफ़, कॉफी समेत कई फलों से टैरिफ हटाया
- पीएम मोदी आज बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में भाग लेने के लिए नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा जाएंगे
- बिहार की हार पर कांग्रेस में मंथन... खरगे के घर बड़ी बैठक, राहुल गांधी भी मौजूद




## बिहार की बंपर जीत के बाद नए अंदाज में मोदी

**पटना** ● बिहार विधानसभा चुनाव में सुनामीभरी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गर्दा उड़ाकर मनाया जश्न। जीत के बाद कल शाम दिल्ली के केन्द्रीय भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि अब बंगाल की बारी...

# ना खुद जीते ना जीतने दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● बिहार विधानसभा चुनाव में मायावती की पार्टी बीएसपी सीधे तौर पर महागठबंधन को नुकसान पहुंचाया और 57 सीटों पर हार-जीत प्रभावित करने का काम किया है। इस चुनाव में मायावती ने न तो आक्रामक चुनाव प्रचार ही किया और न ही संगठन के स्तर पर कुछ खास काम हुआ। इसके बावजूद बीएसपी ने नतीजों में खेल कर दिया। मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 1.59% वोट मिले हैं। इसी आंकड़े ने तेजस्वी यादव को खासी चोट पहुंचाई है। 5 से 7 सीटों पर आरजेडी के वोट बैंक में सेंध





लगाई, जिससे महागठबंधन को सीधे तौर पर नुकसान हुआ है। बीएसपी ने खास तौर पर उन इलाकों को टारगेट किया, जहां आरजेडी का परंपरागत रूप से मजबूत वोट बैंक था।

इसी तरह बिहार में जन सुराज पार्टी ने भले ही कोई सीट न जीती हो, लेकिन उसका प्रभाव कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से नजर आया है। प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली यह पार्टी पहली बार बड़े पैमाने पर चुनावी मैदान में उतरी और 238 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर प्रदेश की राजनीति में सीधा हस्तक्षेप किया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जन सुराज को लगभग 15 लाख वोट मिले हैं, जो करीब 3% वोट शेयर के बराबर है। जन सुराज के उम्मीदवारों ने भले ही शीर्ष स्थान हासिल न किया हो, लेकिन उनके वोटों ने कई सीटों पर मुकाबले की दिशा बदल दी। पार्टी के कारण राजद और एनडीए दोनों को नुकसान हुआ, जिसका असर अंतिम नतीजों में साफ दिखाई देता है।

**भोपाल तलब** तिकड़ी में अटकी बीजेपी इंदौर ग्रामीण की सूची, 20 नवंबर के पहले जारी करने का दावा

# 10 माह के बाद भी अपनी टीम नहीं बना पाए 'श्रवण चावड़ा'

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बीजेपी इंदौर नगर की कार्यकारिणी घोषित होने के 15 दिन बाद भी इंदौर ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि 4 नवंबर को सूची जारी होना थी लेकिन विधायकों के पास से नाम ही बीजेपी कार्यालय तक नहीं पहुंच पाएं थे।

सूत्रों की मानें तो इंदौर ग्रामीण की सूची तिकड़ी के कारण रुकी हुई है। एक तरफ जहां देपालपुर विधायक मनोज पटेल ने अपने समर्थकों के नाम अभी तक नहीं भेजे हैं तो वहीं दूसरी तरफ महू से विधायक उषा ठाकुर और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने-अपने समर्थकों के लिए अड़े हुए हैं। बीजेपी जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा का कहना है कि 20 नवंबर के पहले टीम की घोषणा हो जाएगी। संगठन ने मुझे टीम तैयार करने के लिए बुलाया था लेकिन तबीयत ठीक नहीं होने के कारण मैं जा नहीं पाया था, जिसके बाद में सभी बिहार चुनाव में लग गए। अब दो से तीन दिन में हम बैठकर लिस्ट फाइनल कर लेंगे। हमारी टीम 20 नवंबर से पहले घोषित हो जाएगी। वहीं विधायक मनोज पटेल के नाम नहीं देने के सवाल पर चावड़ा ने कहा ऐसा नहीं है, पहले कुछ दिक्कतें थी। अब सभी बातें साफ हो गई हैं।



महू में उषा ठाकुर और कैलाश विजयवर्गीय अपने समर्थकों को पदाधिकारी बनाना चाहते हैं। बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंत्री विजयवर्गीय अपने समर्थकों के लिए प्रेशर बना रहे हैं। वहीं उषा ठाकुर का अपना तर्क है कि जिन लोगों ने चुनाव में मेरे खिलाफ काम किया है। उनको कैसे पदाधिकारी बनाया जा सकता है। ठाकुर अपने समर्थकों के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। देपालपुर में विधायक मनोज पटेल ने अपने समर्थकों के नाम अभी तक नहीं बताए हैं। बताया जा रहा है कि मनोज पटेल और जिला अध्यक्ष चावड़ा में पटरी नहीं बैठ पा रही है। दरअसल, दोनों एक ही विधानसभा देपालपुर से आते हैं। जहां एक तरफ देपालपुर में पटेल किसी का हस्तक्षेप नहीं बढ़ने देना चाहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ चावड़ा अपने समर्थकों को पदाधिकारी बनाकर विधानसभा में पेठ बढ़ाना चाहते हैं। कार्यकारिणी की सूची महामंत्री के लिए भी अटकी हुई है। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि महामंत्री पद के लिए मनोज पटेल, श्रवण सिंह चावड़ा, उषा ठाकुर, मंत्री विजयवर्गीय और तुलसी सिलावट अपने-अपने समर्थकों को जगह दिलाना चाहते हैं। वहीं राऊ ग्रामीण से मधु वर्मा और जीतू जिराती भी अपने-अपने समर्थकों के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं।

**जीतू जिराती और मधु वर्मा के बीच फंसा पेंच**-इधर, राऊ ग्रामीण से भी पेंच फंस रहा है। बताया जा रहा है कि जीतू जिराती चाहते हैं कि उनके समर्थकों को ग्रामीण की सूची में शामिल किया जाए, क्योंकि शहर की सूची में उनके समर्थकों के नामों को तवज्जो नहीं मिली थी। वहीं वर्मा अपने एक-दो समर्थकों को ग्रामीण की सूची में जगह दिलाना चाहते हैं।

### विधायक पटेल और अध्यक्ष की अदावत

बीजेपी सूत्रों की मानें तो इंदौर ग्रामीण में सूची अटकने का प्रमुख कारण विधायक मनोज पटेल और जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा के बीच पटरी नहीं बैठ पाना है। बताया जा रहा है कि मनोज पटेल ने इसी अदावत के कारण अब तक अपने नामों की सूची नहीं दी है। दोनों ही नेताओं के बीच की अदावत पिछले दिनों खुलकर सामने भी आई थी। जब इंदौर में दोनों नेताओं ने भावांतर योजना के लिए अलग-अलग दिन ट्रैक्टर रैली निकाली थी। चावड़ा ने जहां 7 अक्टूबर को रैली निकाली थी, वहीं पटेल ने 13 अक्टूबर को रैली का आयोजन किया था। चावड़ा की रैली में मंत्री विजयवर्गीय शामिल हुए थे, जबकि पटेल की रैली में सीएम वर्चुअल रूप से शामिल हुए थे।

# श्रीनगर में जब्त विस्फोट का सैंपल लेते समय हुआ ब्लास्ट

## 9 मौतें, 29 घायल : शव के टुकड़े 200 मी दूर गिरे

**श्रीनगर (एजेंसी)** ● जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में कल रात बड़ा धमाका हुआ। एक तहसीलदार समेत 9 लोगों की मौत हो गई है, बाकी शवों की पहचान होना बाकी है। हालांकि 29 घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी हैं। इनका 92 आर्मी बेस और सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। उधर श्रीनगर ब्लास्ट की आतंकी एंगल से भी जांच हो रही है। सूत्रों के मुताबिक विस्फोटक में धमाका तभी होगा तब उसमें डेटोनेटर और फ्यूज का इस्तेमाल किया जाए या किसी तरह ट्रिगर किया जाए। जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी ग्रुप ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया।

# 'लव जिहाद' पर केवल हंगामा : कोर्ट से 90% आरोपी बरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● मप्र में एक बार फिर कथित लव जिहाद के मामले सुर्खियों में है। पिछले पंद्रह दिनों में चार मामले सामने आए हैं। इनमें से दो इंदौर और एक भोपाल और एक खंडवा का है। इंदौर के दो मामलों में से एक में युवती की शिकायत पर आरोपी इरफान अली के खिलाफ केस दर्ज हो गया है, लेकिन दूसरे मामले में युवती ने एफआईआर से इनकार कर दिया है।

वहीं भोपाल में मॉडल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद उसके मुस्लिम बॉयफ्रेंड कासिम के खिलाफ कथित लव जिहाद यानी धार्मिक स्वातंत्र्य अधिनियम 2021 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। खंडवा में एक युवती की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

## 5 साल में 283 केस, सजा सिर्फ सात को



आगे की प्रोसेस में पुलिस इन मामलों की जांच करेगी और समय सीमा के भीतर कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा। लव जिहाद के मामलों को लेकर खास बात ये है कि इन्हें लेकर जितना राजनीतिक और सामाजिक बवाल मचता है, कानून की चौखट पर इनके पहुंचते ही कहानी बदल जाती है। पिछले पांच साल के आंकड़े देखें तो 283 मामलों में से 7 मामलों में ही आरोपियों को सजा हुई हैं। 11 नवंबर को भोपाल में मॉडलिंग करने वाली खुशबू अहिरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। खुशबू एक युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। प्राथमिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण प्रेग्नेंसी से जुड़ी जटिलताओं को बताया गया है। लेकिन खुशबू की मां ने युवक पर हत्या और 'लव जिहाद' का गंभीर आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि कासिम ने पहचान छिपाकर और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर उनकी बेटी को फंसाया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, युवक ने पूछताछ में बताया है कि वह और खुशबू दो साल से साथ थे, बच्चा उसी का था और वे जल्द ही शादी करने की योजना बना रहे थे। इंदौर में 10-11 नवंबर को एक और सनसनीखेज मामला सामने आया। राजस्थान की एक युवती ने इरफान अली उर्फ हैप्पी पंजाबी के खिलाफ रेप, ब्लैकमेलिंग, मारपीट और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इरफान ने न केवल खुद उसके साथ बार-बार रेप किया, बल्कि अपने दोस्त से भी रेप करवाया। उसे जबरन मवेशी का मीट खिलाया गया और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। युवती का गर्भपात भी कराया गया। आरोपी इरफान अली देवास का एक कुख्यात अपराधी है, जिसे जिलाबदर भी किया जा चुका है।

# एलएनसीटी कैंपस में ईओडब्ल्यू की सर्चिंग!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सूत्रों के अनुसार ईओडब्ल्यू की भोपाल विंग ने शुक्रवार को इंदौर के कनाडिया रोड स्थित एलएनसीटी के कैंपस में सर्चिंग शुरू की है। मामला वित्तीय गड़बड़ी, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का है। जिसे लेकर टीम दस्तावेज, डाटा आदि जुटा रही है। मामले में अभी अधिकारी कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है।

ईओडब्ल्यू की भोपाल विंग डीएसपी पंकज गौतम के नेतृत्व में सुबह इंदौर पहुंची। इस दौरान इंदौर विंग की टीम को भी साथ लिया और एलएनसीटी कैंपस पहुंची। एक अन्य विंग विजय नगर स्थित आशा एजुकेशन सोसायटी के ऑफिस में भी पहुंची और छानबीन शुरू की। दरअसल एलएनसीटी के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने पहले एक केस दर्ज किया था। इसके खिलाफ एलएनसीटी ने हाईकोर्ट की शरण ली थी, जो खारिज हो गई थी। इसके बाद ईओडब्ल्यू ने फिर जांच शुरू की है। इसमें से यहां से कुछ जरूरी फोरेंसिक और डिजिटल इविडेंस जुटाए जाना है जिसके चलते टीम छानबीन में जुटी है। रामेश्वर यादव (एसपी, ईओडब्ल्यू इंदौर) ने बताया कि इसमें इंदौर विंग की कोई भूमिका नहीं है। मामला भोपाल ईओडब्ल्यू से जुड़ा है। होस्टल और बस की फीस की राशि को अन्य खातों में अनाधिकृत रूप से ट्रांसफर की गई।

### धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार को लेकर भोपाल विंग कर रही दस्तावेजों की जांच

# शास्त्री ब्रिज के बाद अब गांधी प्रतिमा पर भी दिखा चूहो का आतंक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम अब रीगल स्क्वायर परिसर में चूहों के बिलों के कारण मिट्टी धंसने की समस्या से जूझ रहा है। लगभग दो हफ़्ते पहले शास्त्री ब्रिज का एक हिस्सा भी चूहों के इसी तरह के आक्रमण के कारण धंस गया था। रीगल स्क्वायर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास की ज़मीन में चूहों के बड़े-बड़े बिलों के कारण खतरनाक गड्ढे बन गए हैं, जिससे यह जगह पर्यटकों के लिए असुरक्षित हो गई है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को एक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, 'चौराहे पर मिट्टी का धंसना साफ़ दिखाई दे रहा है। चूहों के बिल कमज़ोर हो गए हैं और ज़मीन खोखली हो गई है।' एसजीएसआईटीएस के विशेषज्ञों की एक टीम ने निरीक्षण के दौरान एक राहत योजना तैयार की। शास्त्री ब्रिज के क्षतिग्रस्त हिस्से से मुश्किल से 100 मीटर की दूरी पर स्थित यह परिसर एक लोकप्रिय स्थान है जहाँ कबूतरों को खिलाने के लिए प्रतिदिन पक्षियों का दाना डाला जाता है।



# लगातार 8 दिन बाद भी तापमान 10 डिग्री से नीचे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में पिछले 24 घंटों में दिन और रात का तापमान 1 डिग्री बढ़ा है, लेकिन सर्द हवाओं के कारण रात में ठंडक और कंपकपी बनी हुई है। शहर में रात का तापमान लगातार 8 दिनों से 10 डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है। बीती रात न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6 डिग्री कम है।

शाम होते ही ठंड तेजी से बढ़ने लगती है। करीब 5-6 बजे से शुरू होने वाली सर्द हवाएं पूरी रात चलती हैं और सुबह करीब 9 बजे तक असर बनाए रखती हैं। इसके बाद दिन में थोड़ी राहत मिलती है। पिछले 10 दिनों से दिन का तापमान लगभग 28 डिग्री के आसपास है, जो अभी भी सामान्य से 2 डिग्री कम है। इसी वजह से दिन की तुलना में रातें ज्यादा ठंडी महसूस हो रही हैं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश के कई शहरों में 15 और 16 नवंबर को कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 17 नवंबर से ठंड में हल्की राहत मिल सकती है।

इन दिनों पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। इस वजह से उत्तरी हवाएं आ रही है। हिमालयी राज्यों में ताजा बर्फबारी के बाद वहां के तापमान में भी काफी गिरावट हुई है। मौसम विभाग के अनुसार यह बर्फीली हवा जब मैदानी इलाकों की ओर आती है, तापमान में अचानक भारी गिरावट आती है। राजस्थान के पास एक प्रति-चक्रवात बन गया है। जिसने ठंडी हवाओं को नीचे की दिशा में प्रवाहित होने में मदद की।

# बिहार में बहार है, एनडीए सरकार है, कांग्रेस को सबक, जमीनी राजनीति करो- सीएम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बिहार चुनाव 2025 में एनडीए प्रचंड जीत की ओर है। बिहार में करीब दो दर्जन सीट पर चुनाव प्रचार करने वाले सीएम डॉ. मोहन यादव भी इस जीत से गदगद हैं। उन्होंने शुक्रवार को इंदौर में सरप्राइज विजिट की। पहले एयरपोर्ट लाउंज पर बिहार के नतीजे ( बिहार चुनाव काउंटिंग) देखे।

इसके बाद इंदौर दौरे पर निकल गए। इस दौरान उन्होंने राजबाड़ा पर गोपाल मंदिर का दौरा किया, फिर एक दुकान पर पोहे खाए। एक थाने का निरीक्षण भी किया। वहीं कांग्रेस को तगड़ी सीख दी।

सीएम ने कहा कि साल 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश का परिदृश्य दुनिया ने देखा है। एक के बाद एक जीत के माइलस्टोन बने हैं। सीएम ने आगे कहा कि उनके करिश्माई नेतृत्व में एनडीए की जीत के परिचायक बन रहे हैं। बिहार में बहार है और एनडीए की सरकार है। बिहार में जेपी नड्डा , अमित शाह , नीतीश कुमार सभी के प्रयास से यह संभव हुआ है। अमित शाह आधुनिक शिल्पी हैं।



**कांग्रेस को सबक हवा में उछाल दिए जाओगे**-सीएम ने कहा कि बिहार में हमने जो देखा, जो रिजल्ट आया वह कांग्रेस और उनके साथ वालों के लिए सबक है। जमीन से जुड़कर राजनीति करो, हवा में रहोगे तो हवा में उछाल दिए जाओगे, यह हाल उनके हुए हैं।

**इंदौर में सीएम मोहन यादव की सरप्राइज विजिट**-सीएम ने कहा कि इंदौर में मेरा कोई पूर्व नियोजित कार्यक्रम नहीं था। सुशासन के तहत यह सरप्राइज विजिट है। गोपाल मंदिर भी देखा, यहां गीताभवन बनेगा।

आने वाले दिनों में धूमधाम से गीता जयंती मनाई जाएगी। सीएम ने गोपाल मंदिर का दौरा किया। यहां उनके साथ मंत्री तुलसीराम सिलावट, बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा के साथ विधायक मालिनी गौड़ व अन्य जनप्रतिनिधि थे।

बीजेपी को बिहार में मिली जीत का जश्न इंदौर में बीजेपी दफ्तर में बनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में गोपाल मंदिर, एमजी रोड थाना होते हुए बीजेपी कार्यालय पहुंचे और यहां कार्यकर्ताओं के साथ खुशी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और अन्य को लड्डू खिलाकर मुंह भी मीठा कराया।

## मनमानी करने वाले 15 से ज्यादा अस्पतालों के पंजीयन निरस्त करने की तैयारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गम्भीर बीमारियों का इलाज कराने वाले मरीजो की संख्या नहीं बताकर मनमानी करने वाले अस्पतालों के पंजीयन निरस्त करने की करवाई जिला स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है। सीएमएचओ कहना है अभी तो 15 से ज्यादा निजी अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, इसके बाद शासन के नियमों का पालन नहीं करने वाले अस्पतालों के पंजीयन निरस्त किए जाएंगे।

शासन के आईएचआईपी पोर्टल मतलब इंटिग्रेटेड हेल्थ इंफर्मेशन प्लेट फार्म यानी एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच सम्बन्धित पोर्टल पर गम्भीर बीमारियों के इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या सम्बन्धित जानकारी नहीं देने के कारण स्वास्थ्य विभाग ने आज शहर के 15 से ज्यादा निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किए हैं।

**इन निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किए**-जिन्हें नोटिस जारी किए हैं, इनमें चरक अस्पताल, भंडारी अस्पताल, अर्पण अस्पताल, ईएसआईसी मॉडल अस्पताल, केवल्य अस्पताल, मेवाड़ा मेडिकेयर, फिनिक्स अस्पताल, सोडाणी संपूर्ण डायग्नोस्टिक क्लिनिक, प्रेमकुमारी देवी अस्पताल, सेवाकुंज अस्पताल, शैल्बी अस्पताल, एसएमएस एनर्जी



अस्पताल, एसएनजी अस्पताल, सनराइज अस्पताल, यूनिवर्सल अस्पताल सहित केयर सेंटर को सरकार के आईएचआईपी पोर्टल पर शासन द्वारा चिन्हित बीमारियों का इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी देने की चेतावनी दी गई है। जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि पोर्टल पर बीमारी सम्बन्धित दी गई जानकारी की मासिक समीक्षा भारत सरकार द्वारा की जाती है। इसलिए समयसीमा में जानकारी पोर्टल पर अपलोड ना करने पर नर्सिंग होम अधिनियम कानून के तहत कड़ी कार्वाई की जा सकती है। सीएमएचओ डाक्टर माधव हसानी ने बताया कि आईएचआईपी प्रभारी डॉ निर्मला अखंड ने अभी तक 15 से ज्यादा अस्पतालों को नोटिस जारी कर दिए हैं। इसके अलावा अन्य चिकित्सा संस्थानों मतलब निजी अस्पताल वालों को भी विभागीय नियम पालन न करने पर पंजीयन निरस्त करने सम्बन्धित नोटिस देने की तैयारी जारी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमजी रोड़ थाने का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अपने इंदौर भ्रमण के दौरान थाना एमजी रोड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा तथा थाने के रजिस्टरों को चैक किया। उन्होंने थाने द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी भी ली। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने पुलिस द्वारा आमजन की सुविधाओं के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने थाना पहुँचे ही कक्ष का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की कम्प्युटराईज्ड व्यवस्था को देखा। उन्होंने मौजूद स्टाफ से एफआईआर लिखने की प्रक्रिया की जानकारी ली। वहां मौजूद स्टाफ ने एफआईआर के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोजनामचे का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अंतिम इंट्री इसमें सुबह 11.38 बजे की थी। मुख्यमंत्री जी द्वारा लगभग 12 बजे निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि एक आरक्षक रिंकू सिंह 8 नवम्बर से बगैर सूचना के अनुपस्थित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए कि वे अनुपस्थिति का परीक्षण करें और नियमानुसार कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने थाना प्रभारी कक्ष का निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगन्तुक रजिस्टर का अवलोकन भी किया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आमजन की सुविधा और उनके फीडबैक लेने के लिए हर थाने में आगन्तुक रजिस्टर रखा गया है। रजिस्टर में थाने में आने वाले आगन्तुक अपने फीडबैक दर्ज कर सकते है। उन्होंने बताया कि आगन्तुक रजिस्टर के आधार पर फीडबैक देने वाले नागरि कों से पुन: फीडबैक लेने के लिए भी विशेष व्यवस्था है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लाड़ली बहनों और स्वच्छता दीदियों ने किया स्वागत और जताया आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज इंदौर में लाड़ली बहनों और स्वच्छता दीदियों ने पुष्पगुच्छ और पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपये दिए जाने और स्वच्छता दीदियों के लिए नगर निगम के माध्यम से अनेक सुविधाएं दिए जाने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, अति. पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, सुमित मिश्रा, अपर आयुक्त ननि रोहित सिसोनिया एवं सुमित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## विकास, समृद्धि व आत्मनिर्भरता की नई दिशा है बेंका सिंचाई तालाब परियोजना -सिलावट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शुक्रवार को डॉ. अम्बेडकर नगर महू क्षेत्र में 1270.08 लाख रूपये लागत से बने बेंका सिंचाई तालाब परियोजना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री सिलावट ने कहा कि आज का यह दिन हमारे क्षेत्र, हमारे किसानों और हमारी भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत शुभ और ऐतिहासिक अवसर लेकर आया है। हम सभी यहां सिंचाई तालाब परियोजना के लोकार्पण के साक्षी बन रहे हैं। बेंका सिंचाई तालाब परियोजना ऐसी परियोजना, जो केवल जल संरचना नहीं, बल्कि विकास, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई दिशा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, स्थानीय विधायक सुश्री उषा ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, श्रवण चावड़ा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन, किसान एवं माताएं-बहनें मौजूद थीं।

सिलावट ने कहा कि इस परियोजना से आसपास के सैकड़ों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे भूजल स्तर सुधरेगा और प्राकृतिक जल संतुलन भी मजबूत होगा। गांवों में रोजगार बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। हमारा लक्ष्य केवल तालाब बनाना नहीं है, बल्कि हर बूंद को सहेजना, हर खेत को सींचना और हर किसान को खुशहाल बनाना है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग निरंतर यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रदेश के प्रत्येक घर, गांव, खेत तक पानी की सुविधा पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण के क्षेत्र में अनेक योजनाएँ क्रांतिकारी रूप से आगे बढ़ रही हैं।

## आतंकी साजिश में मारे गए लोगों को शहर कांग्रेस द्वारा मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिल्ली लाल किले के पास गत दिनों हुए कर धमाके में आतंकी साजिश में मारे गए लोगों को 16 नवंबर को इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी प्रतिमा रीगल चौराहे पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है कि गत दिनों दिल्ली लाल किले के पास कर धमाके में आतंकी साजिश में कई लोगों मारे गए थे एवं कई लोग घायल हुए इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 16 नवंबर को शाम 6:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा रीगल चौराहे पर आतंकी हमले में मारे गए सभी लोगों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी और इस दौरान श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।

## बाल दिवस पर नंदबाग सरकारी स्कूल में हुआ बाल मेले का आयोजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पूर्व प्रधानमंत्री स्व.पं. जवाहर लाल नेहरूजी की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय नंदबाग (स्कीम नंबर 51 में संचालित ) में विद्यार्थियों ने बाल मेले का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने मेले में अनेक लजीज व्यंजनों के स्टाल लगाए। बाल मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार उपस्थित थे। प्रारम्भ में पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मेले का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर संस्था की प्रधानाध्यापक श्रीमती अनीता राठौर, शिक्षक महेंद्र पाठक, श्रीमती अर्पणा अत्रे, गजेंद्र चौहान, श्रीमती विनीता जाट सहित समस्त स्टॉफ व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## बीआरटीएस की लेन बंद, बसें भी अब मिक्स ट्रैफिक लेन में चल रहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बीआरटीएस की बस लेन हटाने का काम भले ही रुका हुआ है, लेकिन कुछ हिस्सों में बस लेन में उनकी एंट्री बंद हो गई है। इस कारण अब सिटी बसें या आईबसें भी मिक्स लेन में चल रही हैं और उन्हें पहले से ज्यादा समय लग रहा है। व्हाइट चर्च चौराहा से इंदिरा गांधी प्रतिमा तक के हिस्से में बस लेन को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया है। इस कारण बीआरटीएस मार्ग पर अब ट्रैफिक की गुत्थी और उलझने वाली है।

नगर निगम ने बस लेन हटाने का काम ठेके पर दिया है, लेकिन ठेकेदार धीमी गति से काम कर रहा है। पिछले 15 दिन में एक किलोमीटर हिस्से में भी बस लेन नहीं हट पाई है। इस कारण 11



किलोमीटर लंबे हिस्से में बस लेन और बस स्टॉप हटाने में छह माह से ज्यादा समय लग सकता है। बीआरटीएस पर 15 से ज्यादा बस स्टॉप हैं। ठेकेदार को कहा गया कि दिन में बस स्टॉप हटाने का काम करे और रात के समय बस लेन हटाए। चलते ट्रैफिक में यह काम ठेकेदार के लिए आसान नहीं है। इस कारण अभी तक काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। बस लेन हटाने का काम तीन दिन से बंद है। बीआरटीएस रोड पर 50 से ज्यादा सीटें बसें पहले बस लेन में चलती थीं। अब धीरे-धीरे वह मिक्स लेन में चल रही हैं। इस कारण मिक्स लेन में हादसे की संभावना ज्यादा बढ़ जाएगी, क्योंकि मिक्स लेन में वैसे ही ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है।

## बच्चों के स्वास्थ्य के लिए 'बचपन कार्ड

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बच्चे स्वस्थ होंगे तभी हमारा भविष्य सुखद होगा। इसी के दृष्टिगत अरबिंदो समूह ने एक अनूठी पहल करते हुए 18 साल तक की उम्र के बच्चों की जरूरी चिकित्सा जांचों एवं समुचित उपचार के लिए 'बचपन कार्ड' की शुरुआत की है।

'बाल दिवस' के साथ-साथ 'वर्ल्ड डायबिटीज डे' को भी ध्यान में रखते हुए इसे सबसे पहले 'टाइप वन डायबिटीज' से ग्रस्त बच्चों को बचपन कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। यह कार्ड सही मायनों में प्रदेशभर के बच्चों के लिए सेफ हेल्थ गार्ड साबित होगा।

यह जानकारी अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) के परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'ब्लू सांता कैंप' का उद्घाटन करते हुए फाउंडर चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी ने दी। इस अवसर पर डायबिटीज से



बचाव में काम आने वाले 'टेरो कार्पस मार्सुपियम' यानी 'बीजा प्लांट' के 100 पौधे भी अस्पताल परिसर में लगाए गए। डॉ. भंडारी ने कहा कि इन पौधों का संरक्षण करके ही डायबिटीज पर नियंत्रण के अपने लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हाल में अस्पताल में 8 से 80 साल तक के 300 डायबिटिक पेशेंट्स पर किए गए एक्सपेरीमेंट से साबित हुआ कि बीजा प्लांट मरीजों को शुगर से निजात दिलाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अनुसंधान में पाया कि इन पौधों से बने पात्र में पानी पीने से चंद महीनों में ही 75 से अधिक (लगभग एक चौथाई) मरीजों का शुगर लेवल सही स्तर पर पहुंच गया और उनकी दवाएं बंद हो गईं। शुगर कंट्रोल के लिए हमें होलिस्टिक अप्रोच अपनाना होगा और एलोपैथी के साथ अन्य चिकित्सा पद्धतियों का बेहतर समन्वय स्थापित कर मरीजों को त्वरित एवं स्थायी राहत देने के हरसंभव प्रयास करने होंगे।

# होटल, मॉल की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की चेकिंग :1170 के चालान कटे, 14 ट्रक भी पकड़े

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में जारी सुरक्षा अलर्ट के मद्देनजर इंदौर पुलिस ने बीती रात सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों ने मॉल की पार्किंग, होटलों, हॉस्टलों और किराए के मकानों में औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति पर समय रहते लगाम कसना है।

**मॉल की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की तलाशी**-देर रात चले इस अभियान में विशेष रूप से विजय नगर और कनाडिया थाना पुलिस सक्रिय रही। टीमों ने अपने-अपने इलाकों के प्रमुख मॉलों की पार्किंग में जाकर वहां खड़ी कारों की बारीकी से जांच की। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि वाहनों के नंबर, चालक और वाहन स्वामियों से जुड़ी जानकारी जुटाई गई।



पार्किंग स्टाफ से भी पूछताछ की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई वाहन लंबे समय से संदिग्ध अवस्था में तो नहीं खड़ा है। मॉल के साथ ही पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में होटलों, हॉस्टलों और किराए के मकानों में रहने वालों की भी जांच की। पुलिस ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति या मकान मालिक बाहरी लोगों या किराएदारों की जानकारी पुलिस को उपलब्ध नहीं कराएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एडिशनल डीसीपी के अनुसार, शहर में बढ़ते आयोजनों और भीड़भाड़ को देखते हुए सुरक्षा निगरानी बढ़ाई गई है। सुरक्षा चेकिंग के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस ने भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसा है। इसी क्रम में, गुरुवार को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 1170 चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त, 13 नवंबर की सुबह से 14 नवंबर की सुबह तक 'नो एंट्री' जोन में प्रवेश करने वाले 14 भारी वाहनों को भी पकड़ा गया।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं की आयरन की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लिवगेन जमियस लॉन्च

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड ने आज लिवगेन आयरन जमियस के लॉन्च की घोषणा की, जिनका उद्देश्य महिलाओं को उनकी दैनिक आयरन आवश्यकता पूरी करने में सहायता करना है। ये आयरन गमीज़ लिवगेन द्वारा विकसित की गई हैं – जो हेल्थ के पोर्टफोलियो में भारत का #1* डॉक्टर द्वारा सुझाया गया आयरन सप्लीमेंट ब्रांड है। आयरन थकान और बाल झड़ने की समस्या को कम करने में मदद करता है। लिवगेन आयरन जमियस दो कटोरे पालक के बराबर आयरन प्रदान करती हैं ।ये आयरन गमीज़ स्वादिष्ट स्ट्रॉबेरी फ्लेवर में आसानी से खाई जा सकने वाली फॉर्म में आती हैं और पेट पर हल्की रहती हैं, जिससे आयरन सप्लीमेंटेशन के अनुभव को एक नए स्तर पर ले जाती हैं।

### स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की लिस्ट में छाए इंदौर के ये 3 'सुपर साइंटिस्ट'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर ने एक बार फिर अकादमिक और अनुसंधान के क्षेत्र में देश का नाम रोशन किया है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (अमेरिका) और एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और UGC-DAE के तीन वैज्ञानिकों ने अपनी जगह बनाई है। इस सूची में प्रो. अंजना जाजू, डॉ. मुकेशचंद्र शर्मा और UGC-DAE के डायरेक्टर डॉ. वसंत साठे को उनके शोध कार्यों के प्रभाव के आधार पर शामिल किया गया है। इंदौर के ये तीनों वैज्ञानिक कंसोर्टियम फॉर साइंटिफिक रिसर्च से भी जुड़े हैं। प्रो. अंजना जाजू: उन्हें जल-संकट की स्थिति में फसलों की स्थिरता पर किए गए उनके शोध के लिए लगातार छठे वर्ष- यह सम्मान मिला है। डॉ. मुकेशचंद्र शर्मा: उन्हें फार्मेसी और फार्माकोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए लगातार चौथे साल यह वैश्विक मान्यता मिली है। डॉ. वसंत साठे: उन्होंने रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी के जरिए परमाणु स्तर पर कंपनों को मापने की एक नई और उन्नत तकनीक विकसित की है, जिसके लिए उन्हें विश्व स्तरीय मान्यता दी गई है।

### मप्र हाउसिंग बोर्ड ने बनाकर दिए घर, अब सड़क चौड़ीकरण में टूटेंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के मध्यक्षेत्र में स्थित नेहरू नगर की सड़कों को नए मास्टर प्लान में शामिल किया गया है। यहां पर 60 फीट की सड़क बनाई जाएगी और क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए रहवासियों के घर और दुकानों को 10 फीट तक तोड़ा जाएगा। रहवासी इसका लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और स्थानीय नेताओं ने रहवासियों से बातचीत में बीच का रास्ता निकालने का कहा है। नेहरू नगर की यह कॉलोनी मप्र हाउसिंग बोर्ड ने बसाई थी। 1965 में बसा यह क्षेत्र शहर का सबसे विकसित क्षेत्र माना जाता रहा है। ट्रैफिक बढ़ने के साथ यहां पर भी दबाव बढ़ा है और उसी के चलते प्रशासन यहां पर सड़क चौड़ीकरण के प्रयास कर रहा है।

### आबकारी वृत्त आंतरिक-2 की अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आबकारी वृत्त आंतरिक-2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपनी टीम के साथ शुक्रवार को दिलीप नगर, सुपर कॉरिडोर के पास से गश्त के दौरान एक दोपहिया वाहन स्कूटर से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पाव देसी मदिरा प्लेन, 50 पाव देसी मदिरा मसाला एवं 46 पाव सीपी वोदका मदिरा जब्त कर आरोपी अनिल पिता बलराम रघुवंशी निवासी ग्राम बरदरी पीथमपुर धार को पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त मदिरा-वाहन की कुल कीमत रुपए 78 हजार 400 रूपये आंकी गई है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 15 नवंबर 2025

**न्यूज ब्रीफ**

### बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं... इंदौर प्रेस क्लब आज करेगा 'मंथन'

**इंदौर** ● इंदौर प्रेस क्लब शहर और आमजन के हितों के लिए सदैव चिंतित रहा है और समय-समय पर शहर हित से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित करता रहा है। शहर में लगातार हो रहे सड़क हादसे जन चिंता का सबब बन चुके हैं। निश्चित रूप से यह आपकी भी चिंता का विषय है। सड़क हादसों की रोकथाम कैसे हो, शहर के यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाएं इसके लिए वैचारिक विमर्श आवश्यक है। इसी को लेकर 15 नवंबर 2025, शनिवार शाम 4 बजे इंदौर प्रेस क्लब में एक वृहद परिचर्चा आयोजित की गई है। इस परिचर्चा में शहर के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, नगर निगम प्रशासन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के अलावा सभी संबंधित विभाग शामिल रहेंगे।

### शांतिनाथ भगवान की महापूजा का अनूठा आयोजन, हजारों दीपों व रंगोली से सजा दरबार

**इंदौर** ●इंदौर महानगर में श्वेताम्बर जैन समाज के चातुर्मास पश्चात कार्यक्रमों की श्रृंखला शुक्रवार को वीआईपी रोड स्थित दलालबाग पर पहली बार प.पू. आचार्य युवा हृदय सम्राट विश्वरत्न सागर म.सा. एवं शहर में विराजित साधु, साध्वी, भगवंतों के सानिध्य में वाराही (गुजरात) से पहली बार लाई गई शांतिनाथ भगवान की आकर्षक और दिव्य प्रतिमा की महापूजा का अनूठा आयोजन हुआ, जिसमें 50 क्विंटल फलों, 50 किलो फूलों, हजारों दीपों और रंगोली से परमात्मा का दरबार सजाया गया। हजारों समाजबंधुओं ने इस नयनाभिराम श्रृंगार को निहारा और भगवान की भक्ति का पुण्यलाभ भी उठाया।

### फूलमाली सैनी समाज अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह मोदी परिसर में

**इंदौर** ● फूलमाली सैनी समाज छावनी का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव रविवार 16 नवंबर को छावनी नसिया रोड स्थित मोदी परिसर पर आयोजित किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी एवं मंत्री मनोहर सैनी ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पित कर सभी समाजबंधुओं को दीपोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी जाएंगी। मोदी परिसर पर सुसज्जित मंच पर भगवान श्रीनाथजी का आकर्षक श्रृंगार कर शाम 7 बजे महाआरती के पश्चात अन्नकूट महाप्रसादी का सिलसिला प्रारंभ होगा। सभी समाजबंधुओं को दीपोत्सव की मंगल कामनाएँ देते हुए समाजबंधुओं से अन्नकूट महोत्सव में सहयोग करने और पुण्य लाभ उठाने का आग्रह किया है।

**कर्मचारी चयन मंडल समय पर नहीं करा पा रहा परीक्षाएं, रिजल्ट में भी देरी**

## सरकारी भर्तियों में लेटलतीफी, तीन साल में पूरी नहीं हो पा रही नियुक्ति प्रक्रिया

**भोपाल (एजेंसी)** ● मप्र में सरकारी भर्तियों में लेटलतीफी से अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं। भर्ती परीक्षाएं होने के बाद परीक्षा परिणाम आने और फिर नियुक्ति होने में दो साल से भी ज्यादा का समय लग रहा है। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की भर्तियों में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि सरकार का टारगेट सभी सरकारी विभागों के खाली पदों को भरना है। इसके चलते स्कूल शिक्षा विभाग, वन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी सरकारी विभागों के खाली पद भरे जा रहे हैं। भर्ती परीक्षाएं मप्र कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से आयोजित की जा रही हैं। कर्मचारी चयन मंडल समय पर परीक्षाएं नहीं करा पा रहा है। परीक्षाएं होने के बाद परीक्षा परिणाम जारी करने में देरी हो रही है। परीक्षा परिणाम आने के बाद संबंधित विभाग भर्ती प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं कर पा रहे। इससे अभ्यर्थियों को परेशान होना पड़ रहा है। मप्र कर्मचारी चयन मंडल वार्षिक परीक्षा कैलेंडर के मुताबिक परीक्षाओं का आयोजन नहीं करा पा रहा है। साल 2025 की कई भर्ती परीक्षाएं अगले आयोजित हो पाएंगी।




### इस बार 8 भर्ती परीक्षाएं 4 के रिजल्ट आए

मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने इस बार अब तक 8 भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया है। इनमे से सिर्फ 4 के परीक्षा परिणाम जारी हुए हैं, जबकि कर्मचारी चयन मंडल ने साल की शुरुआत में 15 भर्ती परीक्षाएं कराने का टारगेट तय किया था। अब इनमें से कुछ भर्ती परीक्षाएं अगले साल आयोजित हो पाएंगी। कर्मचारी चयन मंडल का परीक्षा कैलेंडर हर साल गड़बड़ा जाता है। इससे परीक्षा परिणाम जारी होने में भी देरी होती है। इसका असर पूरी भर्ती प्रक्रिया पर पड़ता है।

### ऐसे हो रही भर्तियों में लेटलतीफी

स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्ग-3 के खाली पदों के लिए साल 2022 में नोटिफिकेशन जारी किया था। इसकी पात्रता परीक्षा साल 2023 में आयोजित की गई थी। पात्रता परीक्षा में चयनित हुए परीक्षार्थियों की चयन परीक्षा साल 2025 में हुई। इसके परीक्षा परिणाम 25 सितंबर 2025 को जारी हुए। परीक्षा में चयनित हो चुके अभ्यर्थी अब नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। देखा जाए, तो शिक्षक भर्ती परीक्षा वर्ग-2 के अभ्यर्थी साल 2023 से परीक्षा दे रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। यही हाल शिक्षक भर्ती परीक्षा वर्ग-3 का है। शिक्षक भर्ती परीक्षा वर्ग तीन के लिए भी दो परीक्षाएं हो रही हैं। पहले पात्रता भर्ती परीक्षा हुई। पात्रता भर्ती परीक्षा में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को चयन भर्ती परीक्षा देना है। इसके बाद इनके परिणाम जारी होंगे। फिर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो पाएगी।

## 'न शेल्टर होम, न मेडिकल सुविधा' डॉग लवर्स ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शहर में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शैक्षणिक संस्थानों और हॉस्पिटल से कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम भेजा जा रहा है। इस प्रक्रिया में तय मापदंडों का पालन नहीं होने को लेकर डाग लवर्स कलेक्टर शिवम वर्मा से मिले। उनका कहना था कि शहर से बड़ी संख्या में कुत्तों को उठाया है, लेकिन देवगुराड़िया शेलटर होम में सुविधाएं नहीं है। यहां पर मेडिकल और अन्य सुविधा नहीं जुटाई गई, इससे कुत्तों की सेहत को नुकसान हो सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नगर निगम द्वारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाया जा रहा है। इन कुत्तों का वेक्सिनेशन करने के बाद शेल्टर होम में भेज रहे है। देवगुराड़िया में ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास बनाए गए शेलटर होम में सुविधाएं नहीं होने की समस्याएं लेकर बड़ी संख्या में डॉग लवर्स मंगलवार को प्रशासनिक संकुल पहुंचे और कलेक्टर से तय मापदंड के अनुसार प्रक्रिया करने की मांग रखी। उनका कहना था कि कुत्तों को शेल्टर होम में पर्याप्त सुविधाएं दी जाए। वहीं शेल्टर होम की संख्या भी बढ़ाई जाए, एक ही स्थान पर अधिक संख्या में कुत्तों को रखने से बीमारी की समस्या सामने आ सकती है।

### इंदौर का 'सुपर' नियम तोड़ने वाला पकड़ाया

**इंदौर** ● शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए इंदौर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस लगातार नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में, पलासिया चौराहे पर एक वाहन चालक पर बड़ी कार्रवाई की गई, जिसके 30 पुराने चालान लंबित थे।यातायात पुलिस द्वारा पलासिया चौराहे पर हेलमेट जागरूकता और कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा था।

## हाईवोल्टेज ड्रामा : खुद पर डाला मिट्टी का तेल युवक ने की गला काटने की कोशिश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●अन्नपूर्णा क्षेत्र में मंगलवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम के सामने कई लोगों ने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह की धमकी दे दी। एक युवक ने ब्लेड से गला काटने की कोशिश भी की, तो एक लड़की पेड़ पर चढ़कर चिल्लाने लगी। हालात इतने बिगड़ गए कि नगर निगम को अपनी कार्रवाई रोककर वापस लौटना पड़ा।

कथा खत्म, अब अतिक्रमण हटाने की मांग

अन्नपूर्णा क्षेत्र हाल ही में कथा आयोजन के कारण सुर्खियों में था। कथा के समापन के बाद अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट ने जिला प्रशासन से कहा कि मंदिर के आसपास बने अवैध अतिक्रमण हटा दिए जाएं, क्योंकि यह मंदिर आने-जाने वाले लोगों के लिए बाधा बन रहे हैं। इसी शिकायत के आधार पर प्रशासन ने वहां रह रहे परिवारों को नोटिस देकर घर खाली करने को



कहा था। नोटिस मिलने के बाद रहवासी भड़क उठे। उनका कहना था कि वे कई वर्षों से यहां रह रहे हैं और अब अचानक घर खाली करना संभव नहीं है। लोगों ने आरोप लगाया कि निगम और मंदिर ट्रस्ट उन्हें जबरन हटाना चाहते हैं। विरोध के दौरान कई लोगों ने सामूहिक आत्मदाह की धमकी देते हुए अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क लिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

**पेड़ पर चढ़ी लड़की, घायल हुआ पुलिसकर्मी**- एक परिवार की लड़की अपने घर टूटते देख पेड़ पर चढ़ गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। उसे नीचे उतारने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी पेड़ से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं एक अन्य युवक दीवार पर चढ़कर बिजली के खंभे पर पहुंच गया और हाथ में ब्लेड लेकर खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने लगा।

**तहसीलदार बोले- नोटिस और कोर्ट का आदेश जारी**-अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर तहसीलदार यशिका दीक्षित ने बताया कि प्रभावित लोगों को धारा 250 के तहत नोटिस दिया गया था और कोर्ट ने भी उनके खिलाफ फैसला दिया है। चार परिवारों में से दो बाहर रहते हैं और अपने मकान किराए पर दे रखे थे। दो अन्य परिवारों को नगर निगम की ओर से पुनर्वास की व्यवस्था भी दी जा रही है। तय

## राऊ में बिहार चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर जश्न




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बिहार चुनाव में एनडीए-भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के बाद राऊ में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर गुरुगोविंद सिंह मंडल और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। शिवधाम गेट, लिंबोदी पर मंडल महामंत्री जयदीप नागर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर खुशी जताई और मिठाई बांटकर विजय का जश्न मनाया। कार्यक्रम में भाजपा गुरुगोविंद सिंह मंडल, राऊ के मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल महामंत्री जयदीप नागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बिहार में मिली इस जीत को नरेंद्र मोदी और सरकार की विकासोन्मुख व जन कल्याणकारी नीतियों का परिणाम बताया। उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र का माहौल देशभक्ति और उत्सव की खुशी से भर गया। कार्यकर्ताओं ने देश की प्रगति और मजबूत नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक माना।

## अपने दिवंगत परिजनों की यादों को सहेजने के लिए खुशियाँ बांटने के प्रयास निरंतर चलते रहना चाहिए



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सेवा के कई स्वरुप होते हैं। अपने स्नेहीजनों की स्मृति को शुभ संकल्पों से जोड़कर हम समाज को सार्थक और रचनात्मक दिशा प्रदान करते हैं। अपने दिवंगत परिजनों की यादों को सहेजने के लिए खुशियाँ बांटने के प्रयास निरंतर चलते रहना चाहिए। खुशियों को जितना ज्यादा बांटेंगे, वे उतनी ही ज्यादा बढ़ेंगीं। उत्सवों की इस बेला में जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास भी किसी सेवा का ही हिस्सा है।

ये प्रेरक विचार हैं अतिथियों के, जो उन्होंने मध्य भारत अग्रवाल सभा के महामंत्री रमेश गुप्ता पीठेवाले की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती कृष्णादेवी गुप्ता की चतुर्थ पुण्यतिथि पर नवलखा स्थित मनकामेश्वर काँटाफोड़ शिव मंदिर के सामने शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, संयोगितागंज की 250 बालिकाओं को उनकी दैनिक जरूरत की वस्तुएं एवं अन्य उपहार भेंट करने हेतु आयोजित समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं राष्ट्रपति पदक से सम्मानित रामदास गोयल, बालाजी ट्रस्ट के प्रमुख रामबाबू अग्रवाल, नंदलाल माहेश्वरी, स्नेह नगर विकास मंडल के अध्यक्ष वासुदेव मूंदड़ा, ब्रजेश गर्ग अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने सरकारी स्कूल में पढने वाली बालिकाओं को उपहार भेंट करने के इस कदम की खुले मन से सराहना की। प्रारंभ में कृष्णा देवी गुप्ता पारमार्थिक ट्रस्ट के प्रमुख रमेश गुप्ता पीठेवाले, दीपक गुप्ता मोंटी, श्रीमती स्वाति गुप्ता, दिलीप गुप्ता, पवन गुप्ता, गुड्डू कोठारी एवं अन्य स्नेहीजनों ने अतिथियों के साथ विद्यालय के स्टाफ एवं अन्य सहयोगी बंधुओं का भी स्वागत किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएँ भी व्यक्त की।

## इंदौर मॉडल पर सजेगा देपालपुर, मेयर आज देंगे तीन कचरा गाड़ियां

### 100 दिनों में नगर का स्वरूप बदलने का लक्ष्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की तर्ज पर अब देपालपुर को भी स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेयर पुष्यमित्र भार्गव शुक्रवार को देपालपुर में थे। यहां वे नगर परिषद को तीन नई कचरा संग्रहण गाड़ियां समर्पित करेंगे।

कार्यक्रम में विधायक मनोज पटेल, स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अपर कमिश्नर रोहित सिसोनिया सहित नगर परिषद के पार्षद, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहेंगे। देपालपुर नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ाने के लिए इंदौर नगर निगम को मेंटर शहर के रूप में चुना गया है। इसके अंतर्गत इंदौर मॉडल पर सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सेग्रिगेशन और जनजागरूकता अभियान को मजबूत किया जाएगा।

मेयर ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि 100 दिनों में देपालपुर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना के तहत नगर



परिषद को तीन आधुनिक कचरा गाडियां और 5 हजार गार्बेज बिन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही स्वच्छता सॉन्ग भी लॉन्च किया जाएगा। नागरिकों का कहना है कि इंदौर की कार्यशैली और अनुभव से देपालपुर को स्वच्छता में नई पहचान मिलेगी।

### ईओडबलू ने श्री आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी में 200 करोड़ की गड़बड़ी मामले में तलाशी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (इंदौर) ने आज शुक्रवार 14 नवम्बर को श्री आस्था फाउंडेशन फार एजुकेशन सोसायटी में 200 करोड़ रुपये के आर्थिक गड़बड़ी मामले में जांच शुरू की और तलाशी अभियान में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किये हैं। यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिप्रेक्ष्य में की गई. अगस्त 2025 में श्री अनिल संघवी द्वारा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, भोपाल में एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में आरोप था कि श्री आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी, इंदौर के पदाधिकारियों द्वारा सोसायटी की निधियों का सुनियोजित दुरुपयोग कर चौकसे परिवार की निजी कंपनियों, ट्रस्टों और संस्थानों को भारी वित्तीय लाभ पहुँचाया गया। छात्रों से एकत्रित 8.22 करोड़ हॉस्टल एवं बस फीस को कल्चुरी कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के खातों में डायवर्ट किया गया।सोसायटी द्वारा विभिन्न बैंकों से लिए गए 2190 करोड़ रुपये और 12।15 करोड़ रुपये के ऋण का उपयोग एचके कल्चुरी एजुकेशन ट्रस्ट की देनदारियों को चुकाने में किया गया। डॉ रमेश बदलानी को बिना बोर्ड स्वीकृति के 30.16 करोड़ रुपये दर्शाकर लोन/कॉर्पस फंड के नाम पर अवैध रूप से लाभ पहुँचाया गया।

## फर्जी किडनैपिंग, खुद को अगवा करवाया...पिता से मांगे 50 लाख

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मंदसौर** ● पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के 22 वर्षीय बेटे हर्शुल जैन उर्फ हनी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर खुद के अपहरण की कहानी रच डाली और परिवार से 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने की योजना बनाई। पुलिस ने तकनीकी जांच के बाद 24 घंटे से भी कम समय में सुलझा दिया।

शामगढ़ पुलिस के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी इंजीनियर कमल जैन का परिवार सर्किट हाउस के पीछे बने सरकारी बंगले में रहता है। इंजीनियर कमल जैन ने गुरुवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनका बेटा हर्शुल सुबह करीब 8 बजे कोटा जाने के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में उसका अपहरण हो गया। दोपहर करीब 4 बजे परिवार को हर्शुल के मोबाइल नंबर से कॉल आया, जिसमें अपहरणकर्ताओं ने 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी।

**मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल में विरोधाभास**- इस सूचना के बाद मंदसौर पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई और तलाशी अभियान तेज कर दिया गया। कोटा और राजस्थान के कई इलाकों में पुलिस ने लोकेशन के आधार पर जांच शुरू की। शुरू में यह मामला एक गंभीर अपहरण की तरह सामने आ रहा था, लेकिन पुलिस को हर्षिल के मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल में कई विरोधाभास नजर आए।

जांच के दौरान पुलिस ने हर्शुल के सबसे करीबी दोस्त गणपत सिंह को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में गणपत ने वह सच बताया, जिसने केस की दिशा ही बदल दी। उसने खुलासा किया कि हर्शुल गहरे कर्ज में था और आर्थिक दबाव के चलते उसने खुद ही किडनैपिंग का प्लान बनाया। उसके तीन दोस्त गणपत सिंह, जनरल सिंह (बलौदा, बूंदी) और कुलदीप अमरालिया (चौराया, बूंदी) इस साजिश में शामिल थे। गणपत ने बताया कि हर्शुल को उम्मीद थी कि परिवार फिरौती की भारी रकम जुटा लेगा और इससे वह अपना कर्ज चुका सकेगा।

# सम्पादकीय

## एच-1बी पर नई सख्ती- 7 साल प्रशिक्षित करो और लौट जाओ, क्या भारतीय पेशेवरों का टूट रहा 'अमेरिकी सपना'?

भारत में कुशल पेशेवर विदेश में नौकरी तलाशने को प्राथमिकता देते हैं। अच्छा वेतन पाने की ख्वाहिश उन्हें विदेश खींच ले जाती है। इस मामले में अमेरिका भले ही भारतीयों की पहली पसंद है, मगर अब वहां ठिकाना बनाना आसान नहीं रह गया है। अमेरिका ने इस साल सितंबर में पहले एच-1बी वीजा पर शुल्क कई गुना बढ़ा दिया और अब नई नीति तैयार की गई है, जिसके तहत किसी भी देश से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की नौकरी वहां के कर्मियों को प्रशिक्षित करने तक ही सीमित रहेगी, इसके बाद उन्हें स्वदेश वापस भेज दिया जाएगा। यानी अमेरिका अब विदेशी प्रतिभाओं का इस्तेमाल केवल अपने कर्मियों का हित साधने तक ही करेगा। गौरतलब है कि अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने गुरुवार को कहा कि एच-1बी वीजा के तहत कुशल विदेशी पेशेवरों को लाने का मकसद अमेरिकी कर्मियों को उस कौशल में प्रशिक्षित करना है, जो उनके पास नहीं है। प्रशिक्षण में तीन से सात साल लगेंगे, इसके बाद वे स्वदेश लौट जाएंगे। इससे स्पष्ट है कि भारत समेत अन्य देशों के लोग अब अमेरिका में स्थायी तौर पर नौकरी नहीं कर पाएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश को फिर से महान बनाने का दावा करते रहे हैं। उनका कहना है कि विदेशी पेशेवरों के बड़ी संख्या में आने से वहां के नागरिकों का रोजगार छिन रहा है। इसी क्रम में उन्होंने अमेरिकी कंपनियों पर अपनी विनिर्माण इकाइयों को अन्य देशों से स्वदेश वापस लाने का दबाव भी बनाया था। अमेरिका ने एच-1बी वीजा का शुल्क भी इसलिए बढ़ाया है, ताकि इसकी पहुंच केवल उच्च कौशल वाले विदेशियों तक ही सीमित रहे। हाल की एक रपट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में दो लाख से ज्यादा भारतीयों ने एच1-बी वीजा हासिल किया था। वर्ष 2020 से 2023 के बीच कुल स्वीकृत वीजा में 73.7 फीसद भारतीयों को मिले थे। खासकर भारतीय आइटी कंपनियां अमेरिकी बाजार पर सबसे ज्यादा निर्भर हैं। ऐसे में सवाल है कि एच1-बी वीजा को लेकर अमेरिका की नई नीति का लक्ष्य क्या विदेशी प्रतिभाओं को सिर्फ अपने फायदे भर के लिए इस्तेमाल करने जैसा नहीं है? इसे विदेशी पेशेवरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं तो और क्या कहा जाएगा?

# ऋण के जाल में फंसे देशों से भारत के राज्यों को मिलती है सीख



विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए।

वैश्विक स्तर पर कई विकासशील एवं अविकसित देशों पर लगातार बढ़ रहे ऋण के दबाव के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव स्पष्टत: दिखाई दे रहा है। इन देशों द्वारा अपने नागरिकों को लम्बे समय तक मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराना जारी रखा गया है एवं यहां की सरकारों द्वारा अपने आय के साधनों में पर्याप्त वृद्धि नहीं की गई है। नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को ऋण लेकर भी जारी रखना अब इन देशों के लिए आत्मघाती निर्णय साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है, और आज यह देश दिवालिया होने के मुहाने पर खड़े हैं तथा इन्हें अपना सामान्य प्रशासन चलाने के लिए खर्च करने हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक आंकलन के अनुसार, अक्टूबर 2025 में वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद का 98.9 प्रतिशत सार्वजनिक ऋण बकाया है, जो वर्ष 2030 तक 102.3 प्रतिशत तक बढ़ जाने की सम्भावना है। विभिन्न देशों के सार्वजनिक ऋण, आय से अधिक खर्च करने की प्रवृति, अधिक ब्याज दर, आय में कम वृद्धि होना, आदि कारकों के चलते लगातार बढ़ता जा रहा है। विकासशील एवं अविकसित देश अपनी आय में वृद्धि नहीं कर पाते हैं परंतु, उन्हें अपने नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खर्च लगातार बढ़ाते रहना होते हैं। इन्हीं कारणों के चलते श्रीलंका, अर्जेंटीना, सूडान, ग्रीस, मालदीव, सेनेगल, आदि देशों में तो आर्थिक आपातकाल की घोषणा करनी पड़ी थी एवं विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा इन देशों की मदद के लिए आगे आना पड़ा था, अन्यथा यह देश लगभग दिवालिया घोषित होने की स्थिति में पहुंच गए थे। वर्ष 2025 में विश्व के प्रथम 10 देशों में, जिनका ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत सबसे अधिक है, शामिल हैं- जापान (229.6 प्रतिशत), सूडान (221.5 प्रतिशत), सिंगापुर (175.6 प्रतिशत), ग्रीस (146.7 प्रतिशत), बहरीन (142.5 प्रतिशत), इटली (136.8 प्रतिशत), मालदीव (131.8 प्रतिशत), अमेरिका (125 प्रतिशत), सेनेगल (122.9 प्रतिशत) एवं फ्रान्स (116.5 प्रतिशत)।

ग्रीस, घाना, हैती, मोजांबीक, पाकिस्तान, जाम्बिया, फिलिपींस, श्रीलंका, कीन्या, अर्जेंटीना, आदि देशों द्वारा अधिक मात्रा में लिए गए ऋण के चलते इनकी वित्तीय स्थिति डावांडोल हो चुकी है। इन देशों द्वारा अपने खर्चों को व्यवस्थित तरीके से नहीं किया गया था एवं केवल जनता को मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराना लम्बे समय तक जारी रखा गया था तथा साथ में आय बढ़ाने के साधनों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इससे इन देशों का बजटीय घाटा लगातार बढ़ता रहा तथा मजबूरी में इन्हें अपने साधारण सरकारी कामकाज चलाने के लिए भी ऋण लेते रहना पड़ा है। वर्ष 2001 में युगांडा में वित्तीय संकट खड़ा हो गया था एवं उस समय पर युगांडा अपने सामान्य खर्चों को जारी रखने के स्थिति में भी नहीं था।

भारत में भी कुछ राज्य 'फ्रीबी' के नाम पर कुछ ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जिनके अंतर्गत राज्य की जनता के बिजली एवं पानी के बिल समय समय पर माफ किये जा रहे हैं। किसानों, बुजुर्गों एवं मातृशक्ति के बैंक खातों में सीधे ही कुछ राशि प्रति माह जमा की रही है। जबकि, इन राज्यों की वित्तीय स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि इनके बजट इस अतिरिक्त खर्च को वहन कर सकें। कुछ राज्य तो आज मजबूरी में इन योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए बाजार से ऊंची ब्याज दर पर ऋण भी लेने लगे हैं। जिसका प्रभाव इन राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विपरीत रूप से पड़ रहा है। यदि समय पर ये राज्य नहीं चेते एवं इन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं किया तो ये राज्य अपने भारी भरकम ऋणों पर ब्याज अदा करने में चूक करने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर तौर पर जब राज्यों की आर्थिक स्थिति की चर्चा होती है तो इसका असर राज्यों के विकास और इन राज्यों में निवास कर रहे नागरिकों के जीवन पर भी पड़ता है। लोकलुभावन राजनीति इन राज्यों की वित्तीय स्थिति को बहुत बुरे तरीके से प्रभावित कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन में भी राज्यों की वित्तीय स्थिति को लेकर कई गंभीर पहलु और सवाल खड़े किए गए हैं। विशेष रूप से पंजाब, केरल, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल आदि राज्य बढ़ते कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे हैं और इन राज्यों की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। हाल ही के समय में पंजाब, केरल, राजस्थान, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की वित्तीय सेहत बहुत बिगड़ी है।

सभी राज्यों की वित्तीय सेहत का विस्तार से आकलन करने पर ध्यान में आता है कि कई राज्यों द्वारा अनियंत्रित रूप से चलाई जा रही मुफ्त योजनाओं, लोकलुभावन घोषणाओं, अत्यधिक सब्सिडी देने एवं पुरानी पेंशन योजना बहाली से इन राज्यों की वित्तीय सेहत बहुत बुरी तरह से बिगड़ रही है। राज्य, विशेष रूप से सत्ता प्राप्त करने के उद्देश्य से, कई लोकलुभावन घोषणाएं करते हैं जैसे कि बिजली एवं पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का वादा, उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करने का वादा आदि जिसका सीधा असर राज्य की माली हालत पर पड़ता है। पंजाब की आर्थिक स्थिति पूर्व में ही बहुत गम्भीर अवस्था में पहुंच चुकी है फिर वहां नई सरकार ने किए गए चुनावी वादे अर्थात मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के अपने वादे पर कार्य करना शुरू कर दिया है जिससे पंजाब की स्थिति निश्चित रूप से और अधिक बिगड़ने जा रही है और पंजाब को ऋण की किश्त एवं ऋणों पर ब्याज अदा करने हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा है। किन परिस्थितियों में, कितने प्रकार की, कितनी और किस स्तर तक लोक लुभावन घोषणाएं की जानी चाहिए, इस सम्बंध में अब नियम बनाने का समय आ गया है। वैसे यदि ऋण को उत्पादक कार्यों पर खर्च किया जाय तो अधिक ऋण-सकल घरेलू अनुपात अपने आप में बुराई नहीं है परंतु जब ऋण लेकर इसे अनुत्पादक कार्यों जैसे मुफ्त बिजली एवं मुफ्त पानी उपलब्ध कराने जैसे कार्यों पर खर्च किया जाता है तो इसका राज्य की आर्थिक व्यवस्था पर बहुत ही बुरा असर पड़ता है। चुनावों के वादे पूरे करने के लिए राज्यों द्वारा ऋण लिए जा रहे हैं। इन्हीं कारणों के चलते पंजाब की आर्थिक हालत आज बहुत ही दयनीय स्थिति में पहुंच गई हैं। देश के कई राज्य आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि इन राज्यों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक मदद यदि समय पर नहीं पहुंचाई जाती तो इन राज्यों की स्थिति भी आर्जेंटीना, श्रीलंका अथवा ग्रीस जैसी बनती दिखाई देती। कुछ राज्यों की स्थिति तो यह है कि इनके रोजमर्रा के खर्चे चलाने के लिए उनकी कुल आय का 90 प्रतिशत भाग इन खर्चों पर उपयोग हो जाता है जिसके परिणाम स्वरूप राज्य के विकास कार्यों पर खर्च करने को कुछ बचता ही नहीं है। अब इन राज्यों की आय कैसे बढ़े? इन राज्यों द्वारा लगातार की जा रही लोक लुभावन घोषणाओं के कारण इन राज्यों के खर्चे लगातार अनियंत्रित रूप से बढ़ते जा रहे हैं। इस तरह के खर्चों को करने के लिए नित नए ऋण लिए जा रहे हैं और इन ऋण राशि का उपयोग उत्पादक कार्यों में नहीं लगा पाने के कारण ये राज्य अपनी आय में वृद्धि भी नहीं कर पा ररही हैं। इस प्रकार ये राज्य 'डेट ट्रैप' की स्थिति में फंसते जा रहे हैं। आय का 25 से 30 प्रतिशत भाग ऋण का ब्याज भुगतान करने में ही खर्च हो रहा है। पंजाब तो अब आर्थिक मदद के लिए केंद्र सरकार से लगातार गुहार लगा रहा है। इसी तरह राजस्थान, केरल, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की स्थिति भी बिगड़ रही है। अगर राज्य पूंजीगत खर्च नहीं कर रहे हैं तो अपना भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं। इस प्रकार तो भविष्य में इन राज्यों की विकास दर भी रुक जाने वाली है।

विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा आगे बढ़कर इस सम्बंध में कुछ नियम जरूर बनाए जाने चाहिए। यदि इन राज्यों की वित्तीय स्थिति लोक लुभावन घोषणाओं को पूरा करने की नहीं है तो, इस प्रकार की घोषणाएं चिन्हित राज्यों द्वारा नहीं की जानी चाहिए, ऐसे नियम बनाए जाने चाहिए। सहायता की राशि केवल चिन्हित व्यक्तियों को ही प्रदान की जानी चाहिए न कि राज्य की पूरी जनता को उपलब्ध करायी जाय। जैसा कि बिजली माफी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। राज्य के समस्त परिवारों को 330 यूनिट बिजली मुफ़्त में उपलब्ध कराए जाने के प्रयास हो रहे हैं। यदि राज्य की आर्थिक हालत बिगड़ रही है तो इसका खामियाजा भी अंतत: उस प्रदेश की जनता को ही भुगतना पड़ता है। यह राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आदि मदों पर होने वाले खर्च में कटौती करते हैं, जो राज्य के आर्थिक विकास एवं भविष्य में आने वाली पीढ़ी के लिए ठीक नहीं है। राज्य में आर्थिक विकास की गति कम होने से इन राज्यों में रोजगार के अधिक अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे है।

**- प्रहलाद सबनानी**

# आंचलिक

## जैविक कपास धोखाधड़ी मामला; 3 लोगों पर केस, हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस की कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन •** जिले में किसानों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर जैविक कपास बेचने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। खरगोन एसपी ने बताया कि जांच जारी है और सभी दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अरुण पाटीदार (खरगोन), सिद्धार्थ अरोले (महाराष्ट्र) और दिलीप सिंह (चैनपुर) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। झिरन्या क्षेत्र के किसानों ने शिकायत की थी कि उनकी सहमति के बिना आधार कार्ड, जमीन के दस्तावेज और अंगूठों के निशान का उपयोग करके फर्जी ऑर्गेनिक सर्टिफिकेट, बिल और भुगतान रसीदें तैयार की गईं। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर किसानों ने इंदौर हाईकोर्ट का रुख किया।




हाईकोर्ट ने 31 जुलाई 2025 को पुलिस को 60 दिनों के भीतर जांच पूरी कर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। आदेश के बावजूद कार्रवाई न होने पर, किसानों ने 6 अक्टूबर को एएसपी बिट्टू सहगल को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस अब किसानों की शिकायत के आधार पर दर्ज मामले की जांच कर रही है।

इस दौरान कई अन्य व्यक्तियों और आईसीएस (ट्रस्ट) समूहों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। एसपी ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह भी सामने आया है कि जिला प्रशासन ने कुछ महीने पहले कुछ संस्थाओं को नोटिस जारी किए थे, लेकिन उसके बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। आरोप है कि कुछ फर्मों का संचालन प्रभावशाली लोग कर रहे हैं। एसपी रवींद्र वर्मा ने पुष्टि की कि हाईकोर्ट के आदेश पर मामले की जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। भीकनगांव एसडीओपी इस मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी नए नाम सामने आएंगे, उनके खिलाफ भी केस दर्ज किया जाएगा।

## मैराथन दौड़ के साथ 21 से शुरू होगा सांसद खेल महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा •** जिले में मैराथन दौड़ के साथ 21 नवंबर से सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत होगी। इसको लेकर सिविल लाइन स्थित सांसद निवास पर बैठक हुई। विधानसभा प्रभारी दिनेश पालीवाल ने 21 नवंबर को मैराथन दौड़ के साथ सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमे प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

## मुस्लिम लड़कों पर लव जिहाद का केस, युवती बोलीं- शादी, धर्मांतरण का दबाव बनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा •** जिला अस्पताल में गुरूवार देर शाम को दो मुस्लिम युवक एक युवती के साथ दिखाई दिए। सिक्योरिटी गार्ड को शंका हुई तो वो पीछा करने लगा। इतने में दोनों युवक निकल गए, युवती से पूछा तो वह रोने लग गई। फिर गार्ड ने लोगों की मदद से दोनों युवकों को पकड़ लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें थाने लेकर आई। जहां युवती की शिकायत पर दोनों के खिलाफ लव जिहाद का केस दर्ज कर लिया गया। थाने पहुंची 20 वर्षीय युवती ने शिकायत में बताया कि, वो खंडवा से सटे एक गांव की रहने वाली है। जलेबी चौक पर एक शॉप पर काम करती हैं। 8-10 दिन पहले उसके एक रिश्तेदार का एक्सीडेंट हो गया था। वह जिला अस्पताल में उनसे मिलने गई थी। वहां पर पड़ोस में एक पेशेंट था, जिससे मिलने के लिए उसकी मुस्लिम सहेली आई थी। उस सहेली के साथ साहिल नाम का लड़का था। जो कुछ देर बाद वहां से चला गया। फिर सहेली को उससे बात करना थी, इसलिए उस लड़के को मेरे मोबाइल से फोन किया। साहिल के पास मेरा मोबाइल नंबर चला गया। उसने एक बार फोन लगाकर कहा कि तुम्हें अस्पताल में मदद की कोई जरूरत हो तो बताना। स्टाफ में कई लोग मेरे परिचित हैं। फिर वो मुझे फोन करके कहने लगा कि तुम मुझे बहुत अच्छी लगती हो। मैं तुम्हें पसंद करता हूं और शादी करना चाहता हूं।

## ड्रोन से सर्चिंग कर 1.77 करोड़ के गांजे के पौधे पकड़े

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन •** अवैध गांजे के खिलाफ पुलिस ने संभवत: मप्र की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। हेलापड़ावा चौकी क्षेत्र के ग्राम टांडावाड़ी में आरोपी टिडीया पिता दीतु ने डेढ़ एकड़ खेत में 3200 गांजे के पौधे उगाए थे। पुलिस ने 35.51 क्विंटल गांजे के पौधे जब्त किए, जिसकी कीमत 1.77 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पुलिस को सड़क मार्ग से लगभग तीन किलोमीटर पैदल चलकर खेत तक पहुंचना पड़ा। इस दौरान ड्रोन सर्चिंग की मदद ली गई। 45 जवानों को गांजे के पौधे उखाड़ने में 10 घंटे का समय लगा। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रवींद्र वर्मा ने बताया कि ग्राम टांडावाड़ी (नवादीया फाल्या) निवासी टिडीया खेत के तीन हिस्सों में गांजे की खेती कर रहा था। पौधों की ऊंचाई करीब 5 से 7 फीट थी। मुखबिर की सूचना पर चौकी हेलापड़ावा और थाना चैनपुर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो खेत के पास बने मकान पर ताला लगा मिला। आसपास तलाशी ली तो खेत में तीन जगहों पर गांजे की बड़ी खेप



मिली। हेलापड़ावा क्षेत्र के टांडावाड़ी क्षेत्र में जिस जगह से गांजे की फसल जब्त हुई है वो जगह शैडो एरिया में आती है। यहां मोबाईल नेटवर्क तक नहीं आता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिस क्षेत्र में कार्रवाई की गई है। वह महाराष्ट्र बार्डर से लगा हुआ है। आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर है। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कहा और कैसे खपाने की तैयारी थी। इसे लेकर भी पुलिस जांच कर रही है। चैनपुर थाना प्रभारी गेहलोद सेमलिया और चौकी प्रभारी रमेश गेहलोत ने बताया कि पुलिस ने आरोपी टिडीया पिता दीतु के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## नपा के उपयंत्री पर एफआईआर रिश्वत के मामले में दो दिन पहले लोकायुक्त ने किया था केस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर •** बुरहानपुर के नेपानगर नगर पालिका के उपयंत्री प्रकाश बड़वाहे के खिलाफ एफआईआर की गई है। यह कार्रवाई पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल उर्फ लारा की शिकायत पर बीएनएस 2023 की धारा 296 बी और 351-3 के तहत नेपा थाने में की गई है।

दो दिन पहले ही लोकायुक्त इंदौर ने भी उपयंत्री के खिलाफ 12 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस को दी गई शिकायत में वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि राजेश पटेल उर्फ लारा ने बताया कि 7 नवंबर को रात करीब 8:30 बजे उपयंत्री प्रकाश बड़वाहे ने नपा के पूर्व ठेकेदार विजय निभ्भोरे (निवासी टीचर कॉलोनी) को फोन किया था।

### दावा- उपयंत्री की ऊपर तक पहुंच

शिकायत के अनुसार, उपयंत्री ने अपनी पहुंच काफी ऊपर तक होने का दावा भी किया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद उन्होंने वार्ड नंबर 1 न्यू कॉलोनी में चल रहे एक निर्माण कार्य में 2 लाख रुपए की पार्टनरशिप की थी, जिसका पैसा उन्हें नहीं मिला। बड़वाहे ने यह भी कहा कि वह नौकरी केवल 'शौक' से कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास 50 एकड़ खेती है।

उपयंत्री ने कथित तौर पर यह भी कहा कि नेपानगर में उनके 20 आदमी और बुरहानपुर में 4 आदमी हैं, और वह नौकरी को कुछ नहीं समझते। उन्होंने 'सिस्टम को मैनेज' करने की बात भी कही, जिसमें सीएमओ, अध्यक्ष और अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल होते हैं।

पूर्व ठेकेदार विजय निभ्भोरे ने यह सारी जानकारी राजेश पटेल को बताई और उन्हें मोबाइल पर रिकॉर्डिंग भी भेजी। इसी शिकायत के आधार पर नेपा थाना पुलिस ने उपयंत्री प्रकाश बड़वाहे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, उपयंत्री ने इन आरोपों को झूठा बताते हुए कहा है कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है।

## दूषित पानी की समस्या बरकरार, पाइपलाइन में खामियों पर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर •** ताप्ती सेवा समिति ने शुक्रवार को 'हर घर नल योजना' के तहत आ रहे दूषित जल को लेकर डिप्टी कलेक्टर सृजन श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। समिति ने आरोप लगाया कि दूषित पानी के कारण शहर में कई लोग बीमार पड़े हैं। दो मौतें भी हुई, लेकिन प्रशासन ने इससे इनकार किया था। समिति ने ज्ञापन में बताया कि कई क्षेत्रों में जल पाइपलाइनें गंदी नालियों और सीवेज मार्गों से होकर गुजर रही हैं। इस कारण दूषित जल सीधे घरों तक पहुंच रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। दूषित पानी के सेवन से शहर में डायरिया, उल्टी-दस्त और संक्रमण जन्य बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। समिति के अनुसार, अब तक कई नागरिक बीमार हुए हैं और दो लोगों की जान जा चुकी है। समिति अध्यक्ष सरिता भगत ने जिला प्रशासन को बताया कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि एक जनस्वास्थ्य आपदा है। उन्होंने कहा कि शहर की आम जनता लंबे समय से गंदे पानी की शिकायत कर रही थी, लेकिन समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए। समिति सदस्य परेश शाह ने योजना के कार्यान्वयन में गंभीर तकनीकी खामियां बताईं। उन्होंने उल्लेख किया कि पाइपलाइनें नालियों से गुजर रही हैं,



जोड़ों की सीलिंग ठीक नहीं है और नियमित क्लोरीनेशन की व्यवस्था भी नहीं है। उन्होंने इस योजना को अपने उद्देश्य में विफल बताया। समिति सदस्य अताउल्लाह खान ने प्रमुख मांगें रखीं। इनमें दूषित जल वितरण की उच्च स्तरीय जांच समिति का तत्काल गठन, प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से शुद्ध जल का वितरण, भविष्य में पाइपलाइन मार्गों को नालियों या सीवेज से दूर रखना और जल की शुद्धता की नियमित लैब जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना शामिल है। ताप्ती सेवा समिति ने आगामी दिनों में 'शुद्ध जल सुरक्षित जीवन' नाम से एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत नागरिकों को दूषित जल से बचाव, शिकायत प्रक्रिया और जल शुद्धिकरण के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# कुलदीप 150 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तीसरे गेंदबाज बने

**कोलकाता (एजेंसी)** • भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले ही दिन अपने 150 विकेट पूरे किये। कुलदीप ने कप्तान तेम्बा बावुमा को 3 रनों पर आउट करने के साथ ही ये उपलब्धि हासिल की है। कुलदीप ने अपने 150 विकेट 87 पारियों में हासिल किये। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा को 3 रनों पर ही ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराकर अपने 150 विकेट पूरे किये ।



कुलदीप भारत की ओर से बाएं हाथ के गेंदबाज के तौर पर 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले ये उपलब्धि भारतीय टीम की ओर से रविंद्र जडेजा और जहीर खान ने हासिल की थी। इसके अलावा कुलदीप भारत में 150 विकेट हासिल करने वाले दूसरे बतौर बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं।

कुलदीप ने अपनी ही धरती पर 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का कारनामा बाएं हाथ के गेंदबाज के तौर पर सबसे तेजी से किया है। कुलदीप ने केवल 87 पारी में ये आंकड़ा हासिल किया है। इससे पहले जहीर खान ने 135 पारी और जडेजा ने 200 पारी में 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट बाएं हाथ के गेंदबाज़ के तौर पर लिए थे।



## आईपीएल 2026 :लखनऊ सुपर जायंट्स में जाएंगे मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • आईपीएल 2026 से पहले एक और बड़ी डील के तहत सनराइजर्स हैदराबाद मोहम्मद शमी को लखनऊ सुपर जायंट्स से ट्रेड करने के लिए तैयार है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि शमी को शामिल करने के बदले में एलएसजी, एसआरएच को 10 करोड़ रुपए देगी। इसी राशि पर एसआरएच ने शमी को आईपीएल 2025 की नीलामी में खरीदा था।

# केकेआर के सहायक कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे वाटसन

**कोलकाता (एजेंसी)** •ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच की जिम्मेदारी निभालते नजर आयेंगें। वह इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। अब वह अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल ही में केकेआर टीम ने मुख्य कोच बनाया था। वॉटसन ने अपने करियर में 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। वॉटसन आईपीएल में एक बेहतरी खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने 12 सत्र खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। केकेआर ने सोशल मीडिया में वॉटसन को सहायक कोच बनाए जाने की पुष्टि की है। केकेआर के सीईओ वैंकी मैसूर ने सोशल मीडिया में लिखा, केकेआर परिवार में शेन वॉटसन का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। उच्चतम स्तर पर एक खिलाड़ी और कोच के रूप में उनका अनुभव हमारी टीम संस्कृति और तैयारी में अहम भूमिका निभाएगा। ।टी20 प्रारूप की उनकी समझ काफी अच्छी है। हम मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह उनके अच्छे योगदान की उम्मीद करते हैं। वहीं वॉटसन ने कहा, केकेआर जैसी प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान व गर्व की बात है। मैंने हमेशा केकेआर के प्रशंसकों के



जुनून और टीम की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। मैं कोलकाता को एक और खिताब दिलाने के लिए पूरी ताकत से काम करने के लिए उत्सुक हूं। वॉटसन का आईपीएल में एक खिलाड़ी और कोच के रूप में लंबा अनुभव रहा है, जो केकेआर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। वह 2022 और 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। वहीं बतौर खिलाड़ी वॉटसन के आईपीएल करियर पर गौर करें तो 145 मैचों में 4 शतक और 21 अर्धशतक लगाते हुए 137.91 की स्ट्राइक रेट और 30.99 की औसत से 3,874 रन बनाए हैं। साथ ही 92 विकेट हासिल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर पर नजर डालें तो, 58 मैचों में 1 शतक और 10 अर्धशतक की मदद से 1,462 रन और 48 विकेट हैं।

# फिल्म 'मस्ती 4' के गाना 'रसिया बालमा' ने मचाया तहलका

**मुंबई (एजेंसी)** • कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'मस्ती' अपने चौथे पार्ट 'मस्ती 4' के साथ दर्शकों के लिए हंसी का बवंडर लाने के लिए तैयार है। मेकर्स वेवबैंड प्रोडक्शन ने फिल्म का नया ऊर्जावान ट्रैक 'रसिया बालमा' रिलीज कर दिया है। गाने ने सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचा दिया। यह गाना फिल्म के जंगली, मज़ेदार और रंगीन मिजाज को पूरी तरह से दर्शाता है। फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में भव्य रूप से रिलीज होने जा रही है। यूके के खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्माए गए 'रसिया बालमा' की सबसे खास बात यह है कि इसमें ओरिजिनल तिकड़ी रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी अपने नए और छिपे हुए लुक्स में दिखाई दे रहे हैं। तीनों की कॉमिक केमिस्ट्री इस बार भी दर्शकों को पेट पकड़कर हंसाने का वादा करती है। इनके साथ तुषार कपूर, रुही सिंह, श्रेया शर्मा, एल्नाज़ नोरौज़ी, शाद रंधावा और निशांत मलकानी भी नजर आएंगे, जो इस गाने को और भी विजुअली ग्रैंड बनाते हैं।



# फिल्म 'हक' में किरदार को निभाने में मुझे दिक्कत नहीं हुई: वर्तिका सिंह

**मुंबई (एजेंसी)** •वर्तिका सिंह ने कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' के जरिए बॉलीवुड में कदम रख दिया है। फिल्म हक को लेकर वर्तिका ने बताया कि उन्हें फिल्म के सेट पर अपने किरदार को निभाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। वर्तिका ने अपने सह-कलाकारों, खासकर इमरान हाशमी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मुझे इमरान हाशमी के साथ काम करते हुए किसी तरह का स्टारडम का दबाव महसूस नहीं हुआ। वह बहुत ही जमीन से जुड़े और सहयोगी कलाकार हैं। वे हर किसी को समान महत्व देते हैं, जिससे नए कलाकारों को आत्मविश्वास मिलता है। उनके सहज रवैये की वजह से मैं अपने किरदार को बेहतर तरीके से निभा पाई।' वर्तिका ने यामी गौतम के साथ काम करने के अनुभव को भी खास बताया। उन्होंने कहा, 'यामी के ज़्यादातर सीन इमोशन से भरे हुए थे, इसलिए सेट पर मजाक-मस्ती कम होती थी। वह हर सीन से पहले अपने किरदार के भावों में पूरी तरह उतर जाती थीं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा, खासकर भावनाओं की गहराई बनाए रखने और छोटे-छोटे हावभाव के जरिए अभिनय को प्रभावशाली बनाने का तरीका।' अपनी भूमिका साइरा के बारे में बात करते हुए वर्तिका ने बताया कि उन्होंने इस किरदार में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा, 'मैंने साइरा की मानसिकता और भावनाओं को समझने के लिए कविताएं लिखीं और उसके अतीत, पालन-पोषण और जीवन की परिस्थितियों पर नोट्स तैयार किए।



## उज्जैन संभाग

# सीएम के बेटे की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में, 5 दिन चलेंगी रस्में; बाकी आयोजन सीएम हाउस और होटल में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की शादी खरगोन की डॉ. इशिता से सामूहिक विवाह समारोह में होगी। करीब 5 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम के लिए उज्जैन में दो होटल बुक किए गए हैं। कुछ रस्में उज्जैन स्थित सीएम हाउस यानी वीआईपी आवास जबकि कुछ अथर्व होटल में होंगी। अभिमन्यु-इशिता के फेरे 30 नवंबर को अथर्व होटल के पास मैदान में हो रहे सामूहिक सम्मेलन में होंगे। रिसेप्शन अथर्व होटल में होगा। शादी समारोह में प्रदेश के कुछ खास लोगों को ही आमंत्रित किया गया है। इसमें दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदार, राज्य के मंत्री, वरिष्ठ अफसर और भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हो सकते हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव के 26 नवंबर को ही उज्जैन पहुंचने की संभावना है। यह पहला मौका होगा, जब किसी मुख्यमंत्री के बेटे के फेरे की रस्में सामूहिक विवाह समारोह में पूरी होंगी।



इसमें डॉ. अभिमन्यु और डॉ. इशिता के अलावा 20 अन्य जोड़ों की शादी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की सगाई करीब 5 महीने पहले खरगोन के किसान दिनेश पटेल की बेटी डॉ. इशिता से हुई है। अभिमन्?यु भोपाल के एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज से मास्?टर्स इन सर्जरी कर रहे हैं। वे सेकेंड ईयर में हैं। डॉ. इशिता भी एमबीबीएस के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। सीएम की बेटी डॉ. आकांक्षा यादव, दिनेश यादव की बहू हैं। अब दिनेश यादव की बेटी इशिता डॉ. मोहन यादव के परिवार की बहू बनने जा रही हैं।एक और खास बात ये है कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, दिनेश यादव के मामा के बेटे हैं। यानी एमपी के पूर्व डिप्टी सीएम स्वर्गीय सुभाष यादव दिनेश यादव के मामा थे।

### सीएम ने शेयर की थी सगाई की फोटो

सीएम डॉ. मोहन यादव और सीमा यादव के दो बेटे और ए?क बेटी हैं। बड़े बेटे और बेटी की शादी पहले ही हो चुकी है। सीएम ने बेटे की सगाई की फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर शेयर करते हुए लिखा था- बाबा श्री महाकाल और श्री गोपाल कृष्ण की परम कृपा, पूज्य पिता और माताश्री के आशीर्वाद से पुत्र चिरंजीवी डॉ. अभिमन्यु यादव की सगाई, खरगोन के दिनेश यादव जी की सुपुत्री डॉ. इशिता यादव के साथ संपन्न हुई।

# विधिक सेवा सप्ताह तहत लगी प्रदर्शनी, 9 से 14 नवंबर तक हुए जागरूकता कार्यक्रम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर मालवा** •आगर मालवा में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मकसद आमजन को न्याय और उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। सप्ताह की शुरुआत 9 नवंबर को जिला न्यायालय परिसर से मैराथन दौड़ के साथ हुई थी।

शुक्रवार को एक बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसे प्रधान जिला न्यायाधीश डी.एस. चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में न्यायालय के कर्मचारी, अधिवक्तागण और पुलिसकर्मी शामिल हुए।

जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूख अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 10 नवंबर को जिला जेल आगर मालवा और उप-जेल सुसनेर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद, 11 नवंबर को विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं हुईं।

**एक सप्ताह तक अलग-अलग कार्यक्रम हुए**- सप्ताह के दौरान, 12 नवंबर को ग्राम परसूखेड़ी में ग्रामीणों और श्रमिकों के लिए एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। वहीं, 13 नवंबर को विभिन्न छात्रावासों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यायोत्सव का समापन 14 नवंबर को विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों और एक प्रदर्शनी के आयोजन के साथ हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रधान जिला न्यायाधीश ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण और न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उज्जैन में 600 करोड़ का निवेश करेंगी, 1700 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी क्षेत्र में देश की 11 बड़ी कंपनियां मेडिकल डिवाइस पार्क में अपनी यूनिट लगाने जा रही है। ये कम्पनी शहर में 600 करोड़ का निवेश करेंगी और करीब 1700 से ज्यादा लोगों को रोजगार देगी।

उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में हेल्थ सेक्टर से जुड़ी देश की बड़ी कंपनियां निवेश करने जा रही हैं। इन कंपनियों को जमीन भी दे दी गई है। एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ ने बताया कि मध्यप्रदेश को 'मेडिकल डिवाइस हब' बनाने की दिशा में भी एक बड़ा पड़ाव साबित होगा। अब प्रदेश केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन करने वाला राज्य बन रहा है, यानी अब यहां बने उत्पाद देश और विदेश, दोनों जगह जाएंगे। राजेश राठौड़ ने बताया कि कंपनियों को जमीन दे दी गई है। जल्द ही उनकी यूनिट का काम शुरू होगा। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी और मेडिकल डिवाइस पार्क में लगातार बढ़ रहे है।



### 66 कंपनियां आ चुकी हैं मेडिकल डिवाइस पार्क में

विक्रम उद्योगपुरी के एक हिस्से के रूप में बन रहा यह मेडिकल डिवाइस पार्क करीब 360 एकड़ में फैल रहा है। इसमें से 201 एकड़ जमीन उद्योगों के लिए तय है। अब तक 126 में से लगभग 120 प्लॉट्स का आवंटन हो चुका है। कुल मिलाकर 66 कंपनियों को अब तक जमीन दी जा चुकी है, जिनसे करीब 2 हजार 899 करोड़ रुपए का निवेश और 11 हजार से ज्यादा रोजगार मिलने की उम्मीद है।

# सिंहस्थ में क्राउड कंट्रोल प्लान, स्टेशन का दबाव कम करने ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं को शहर से पहले ही रोकेंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सिंहस्थ-2028 में 30 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावनाओं को देख प्रशासन ने क्राउड कंट्रोल की प्लानिंग शुरू कर दी है। शहर को चारों तरफ से जोड़ने वाले 12 मार्गों पर पार्किंग आदि प्लान करने के साथ ही ट्रेन रूट के श्रद्धालुओं को कंट्रोल करने के लिए भी प्लान बनकर तैयार हो गया। इसे लेकर मेला अधिकारियों व प्रशासनिक अफसरों ने रेलवे अफसरों के साथ मिलकर खाका भी तैयार कर लिया है, ताकि सिंहस्थ में स्नान वाले दिन भीड़ के कारण व्यवस्था न बिगड़े। संयुक्त बैठक में स्नान वाले दिन उज्जैन स्टेशन पर भीड़ को कम करने के लिए उज्जैन से पहले वाले स्टेशन पर ही यात्रियों को रोक लिया जाएगा। इसके लिए रतलाम, इंदौर, भोपाल तीनों रूट पर स्टेशन चिह्नित कर ली गई है। चिह्नित किए स्टेशनों पर श्रद्धालुओं का ठहराव कराने के बाद उन्हें सड़क मार्ग के रास्ते सिंहस्थ व नदी घाट तक पहुंचाया जाएगा। इसे



लेकर चिह्नित स्टेशनों पर रेलवे प्रबंधन ने यात्रियों के रुकने के लिए छांव, पानी, सुविधाघर से लेकर बिजली आदि जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम शुरू करवा दिया है।

**वीआईपी के लिए सदावल में चार हेलीपैड**- सिंहस्थ में शामिल होने वाले वीआईपी के लिए सदावल में विशेष तौर पर हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। क्राउड कंट्रोल और वीआईपी के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए गत दिनों कलेक्टर रोशनकुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन रूट से आने वाले यात्रियों को पास के स्टेशन से सड़क मार्गों से सिंहस्थ क्षेत्र तक लाया जाएगा। इसके लिए स्टेशन तक कनेक्टिविटी की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि वीआईपी के लिए सदावल में 13.45 करोड़ से 4 हेलीपैड बनाए जा रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

## भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4184 रुपए

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को प्रदेश के किसानों के खाते में भावांतर राशि के 233 करोड़ रुपए अंतरित किए। आज भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 14 नवंबर को 4184 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। यह मॉडल रेट बढ़कर 13 नवंबर को 4130 रुपए और आज 4184 रूपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैन पहुंचे शासकीय विद्यालय

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • जिला पंचायत इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन आज शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ा गणपति, इंदौर पहुंचे। विद्यालय पहुँचकर उन्होंने कक्षा 12वीं की छात्राओं को अर्थशास्त्र का विशेष पाठ पढ़ाया तथा बच्चों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध शिक्षण व अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली। अपने एक घंटे के इस अध्यापन सत्र में श्री जैन ने वाणिज्य संकाय की छात्राओं को मांग व पूर्ति का नियम, कर प्रणाली (प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर), जीएसटी, बचत, निवेश आदि विषयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए कई व्यावहारिक सुझाव भी दिए। श्री जैन ने यह भी बताया कि किस प्रकार देश में उत्पादन बढ़ाकर, लागत कम कर, आयात को न्यूनतम रखते हुए और निर्यात में वृद्धि कर विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाया जा सकता है। उनके स्पष्ट और सुगम अध्यापन से छात्राएं अत्यंत उत्साहित हुईं।

# सीएम मोहन प्रभाव : जिन 26 सीटों पर गए उनमें से 21 पर एनडीए की धमाकेदार बढ़त

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ताजा रुझानों में एक दिलचस्प और चर्चा योग्य तथ्य सामने आया है। माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बिहार में किया गया चुनाव प्रचार इस बार एनडीए के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा बूस्टर साबित हुआ है। जिन 26 विधानसभा क्षेत्रों में उन्होंने जनसभाएं कीं, उनमें से 21 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी मजबूत बढ़त बनाए हुए हैं।

यह आंकड़ा भले आधिकारिक रूप से जारी न हुआ हो, लेकिन चुनावी विश्लेषकों, जमीनी कार्यकर्ताओं और स्थानीय रिपोर्टिंग से यह पैटर्न साफ नजर आता है कि मोहन यादव की जनसभाओं ने इन क्षेत्रों में राजनीतिक हवा को एनडीए की तरफ मोड़ा है।



बिहार की गर्म चुनावी जमीन पर इस बार कई बड़े चेहरे उतरे। लेकिन जो चेहरा अचानक चर्चा में है, वह है मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का। शुरू में किसी ने नहीं सोचा था कि एक बाहर के राज्य का मुख्यमंत्री बिहार में इतना प्रभाव डाल देगा। लेकिन उनकी सभाओं में उमड़ी भीड़ और उसके बाद दिखे चुनावी रुझान इस बात की पुष्टि करते हैं कि इस चुनाव में एक नया वाक्यांश गूंज उठा है – 'मोहन मैजिक'।

डॉ. यादव ने जिन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया, वहां उन्होंने स्थानीय मुद्दों, विकास योजनाओं और केंद्र व राज्य की संयुक्त नीतियों को प्रभावशाली ढंग से जनता तक पहुँचाया। वह अपने भाषणों में जिस सहज शैली में आर्थिक विकास, महिला सुरक्षा, रोजगार, और युवाओं की आकांक्षाओं को जोड़ते हैं, उसने भीड़ को एक स्पष्ट विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया। उनकी सभाओं के तुरंत बाद जिन क्षेत्रों में राजनीतिक गणित हवा बदलता दिखा, वे यह संकेत देते हैं कि उनका प्रचार सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष प्रभाव वाला अभियान था। भले अभी आधिकारिक सूची उपलब्ध न हो, लेकिन जिन क्षेत्रों में उनकी सक्रिय मौजूदगी दर्ज की गई, उनमें से लगभग 21 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। इन सीटों में निम्न तरह के क्षेत्र शामिल हैं. बिहार चुनाव 2025 कई मायनों में दिलचस्प है, लेकिन मोहन यादव का प्रचार पैटर्न इस चुनाव का एक अप्रत्याशित अध्याय है। इससे एनडीए को बाहर के नेताओं का उपयोग करने का आत्मविश्वास मिला है।

## एसआईआर पर निर्वाचन आयोग सचिव को खुलकर बोला इंदौर प्रशासन, हमारे अधिकारी दिन-रात जुटे

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • निर्वाचन आयोग के स्क्र (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर इंदौर में शुक्रवार को समीक्षा बैठक हुई। इसके लिए दिल्ली से आयोग के सचिव विनोद कुमार पहुंचे। उन्होंने बैठक शुरू होते ही तेवर दिखाए और अधिकारियों को फटकार लगाना शुरू किया। लेकिन जब प्रशासन ने आयोग की प्रक्रिया की खामियां बताई तो फिर कन्नी काटने लगे।

आयोग के सचिव ने देपालपुर, मल्हारगंज व अन्य एरिया के एसडीएम से एसआईआर के लिए मैपिंग व अन्य प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि आप लोगों को काम करते नहीं आता है। इंदौर को लेकर जमकर ताना मारा कि इंदौर हर काम में नंबर 1 रहता है लेकिन यहां हालत खराब है। प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली की जमकर आलोचना की। इस पर चुनाव काम के प्रभारी आईएएस पवार नवजीवन विजय ने इसमें आ रही समस्याओं की ओर आयोग का ध्यान खींचा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही बीएलओ का भी साथ देते हुए खुलकर कहा कि इंदौर की पूरी टीम दिन-रात जुटी हुई है। कहीं कोई कोताही नहीं की जा रही है। हमारे बीएलओ दिन-रात मतदाताओं के घर जा रहे हैं। फार्म मिलने में देरी के कारण कुछ विलंब हुआ है। इसके बाद अन्य अधिकारियों और बीएलओ ने भी आयोग को प्रक्रियागत खामियां बता दी। उन्होंने कहा कि सिंगल वेंडर के चलते फार्म मिलने में काफी देरी हुई है। फार्म मिलते ही इनके वितरण का काम शुरू हो गया और 90 फीसदी वितरण हो गया है।

## 106 करोड़ का इंदौर-मुंबई रोड पर बना बाकानेर, गणपति घाट 6 माह में उखड़ा

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया का एक और घटिया काम इंदौर में सामने आया है। पहले ही इंदौर-देवास के बीच सर्विस रोड नहीं बना पाने से यह निशाने पर है। साथ ही सात माह में ही 42 करोड़ का राऊ फ्लाईओवर ब्रिज में भी गड्ढे हो गए। वहीं, अब इंदौर-मुंबई नेशनल हाईवे पर बाकानेर (गणपति) घाट पर 106 करोड़ में बनाया गया वैकल्पिक मार्ग भी 6 माह में उखड़ गया।



बड़वानी के टैक्स कंसल्टेंट बीएल जैन ने जनहित याचिका दायर की थी। इसमें केंद्रीय परिवहन विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर व अन्य को पार्टी बनाया गया था।

सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने इसमें अगली सुनवाई 15 दिसंबर को NHAI से रिपोर्ट तलब की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभिषेक तुगनावत, अरुणा तुगनावत थे।

याचिकाकर्ता बीएल जैन ने कहा कि नेशनल हाईवे 3 पर यह वैकल्पिक मार्ग 106 करोड़ में बना था। वहीं, 6 माह में ही उखड़ गया। यहां पर राऊ-खलघाट सेक्शन के 77 किमी हिस्से में बीओटी तहत फोरलेन बनाई गई थी। अगस्त 2009 से टोल शुरू हुआ था। बाकानेर/गणपति घाट के 9 किमी हिस्से में तकनीकी खामी थी। इसमें ढलान 6 मीटर रखी गई, 100 मीटर की सड़क पर 6 मीटर की ढलान ज्यादा थी। इससे दुर्घटनाएं होने लगीं। साल 2009 से 2024 के दौरान तीन हजार से अधिक दुर्घटनाएं हुई थीं। इसके बाद इस हिस्से में 8.8 किमी की नई वैकल्पिक सड़क बनाई गई थी। वहीं, यह 6 माह में ही 6 इंच बारिश में उखड़ गई। यह प्रोजेक्ट हरियाणा की कंपनी ने किया था। सभी तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी है। वहीं राजेंद्र सिंह याचिकाकर्ता की जनहित याचिका पर भी प्रदेश भर की सड़कों को लेकर इंदौर हाईकोर्ट ने रिपोर्ट तलब की है। सिंह ने याचिका में इंदौर की बायपास, हाथीपाला, चंद्रभागा, बस स्टैंड सहित कई सड़कों की खराब हालत पर सवाल उठाए थे। अधिवक्ता अभिनव मल्होत्रा ने कोर्ट में बताया कि गड्ढों और सड़कों पर दरारों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया है। इसकी जांच होकर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस मामले में सुनवाई 14 दिसंबर को होगी। याचिका में यह भी बताया गया है कि प्रदेश में औसत यात्रा गति केवल 58 किमी प्रति घंटा है, जो खराब सड़क गुणवत्ता को दर्शाता है।

## प्रदेश के एक हजार पुलिस अफसरों पर लटकी तलवार

### 10 साल से जमे इंस्पेक्टर और डीएसपी के होंगे तबादले

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • मध्यप्रदेश में राज्य सरकार ने अहम कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। जून में प्रदेशभर में 5 दिन में 10 हजार पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया था। जानकारी के अनुसार, अब एमपी के इंस्पेक्टर और डीएसपी की बारी है। जो 10 साल या उससे ज्यादा समय से एक ही जिले में जमे हुए हैं। इसमें 800 से 1000 अफसरों का तबादला हो सकता है। इनमें से अधिकांश ऐसे अफसर होंगे जो एक ही जिले में 10 साल से पदस्थ हैं।

यह कदम विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में उठाया जा रहा है। वहीं, 2 दिसंबर को इस सवाल का जवाब देना है। इस दौरान प्रदेश सरकार ने सभी पुलिस कप्तानों और भोपाल-इंदौर पुलिस कमिश्नरों से ऐसे अफसरों की सूची मांगी है, जो 10 साल से अधिक समय से एक ही जिले में कार्यरत हैं। इसके लिए पीएसडब्ल्यू की कार्मिक शाखा ने चार अहम सवालों का प्रोफार्मा तैयार किया है। इनका जवाब अफसरों को देना होगा-

क्या एक ही जिले में 10 साल से अधिक समय तक जमे हुए कई इंस्पेक्टर और उप-इंस्पेक्टर ने स्थानांतरण नीति का उल्लंघन किया है? (झ्द्धह्व शह्र ह्य) यदि जवाब हां है, तो उन अधिकारियों के नाम और पदों की जानकारी दीजिए। इन अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, उसका पूरा विवरण भी प्रस्तुत किया जाए। कितने अधिकारी हैं जो 10 साल से एक ही जिले में पदस्थ हैं?

मध्यप्रदेश सरकार अब 10 साल या उससे अधिक समय से एक ही जिले में जमे इंस्पेक्टर और डीएसपी अधिकारियों का तबादला करेगी। प्रदेश सरकार ने पुलिस कप्तानों और कमिश्नरों से 10 साल से एक ही जिले में काम करने वाले अफसरों की सूची मांगी है। पुलिस विभाग की तबादला नीति के तहत, 5 साल में अनिवार्य तबादला होता है, जबकि 10 साल तक एक ही जिले में रहना उल्लंघन माना जाता है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव पुलिस प्रशासन में अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

## भगवान बिरसा मुंडा का अपमान सरकारी पत्र में लिखा गुंडा!

दैनिक इंदौर संकेत

रतलाम • रतलाम में शुक्रवार को जनजातीय कार्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इससे यहां का माहौल गरमा गया है। दरअसल, विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र में जननायक भगवान बिरसा मुंडा के नाम की जगह 'बिरसा गुंडा' लिख दिया गया। जैसे ही यह पत्र सोशल मीडिया पर सामने आया। आदिवासी संगठनों में भारी नाराजगी फैल गई।




देखते ही देखते भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा, आदिवासी समाज के लोग और अन्य सामाजिक संगठन सड़क पर उतर आए और विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग कार्यालय के बाहर विभागीय अधिकारियों का पुतला दहन किया और इसे आदिवासी अस्मिता पर चोट बताया। विरोध प्रदर्शन में शामिल दिनेश माल और ध्यानवीर डामोर ने कहा कि 'एक ओर केंद्र और राज्य सरकार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारियां कर रही हैं, वहीं रतलाम का जनजातीय विभाग उनके सम्मान पर चोट कर रहा है। यह आदिवासी समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।' जानकारी के अनुसार, भोपाल से मिले निर्देशों के बाद रतलाम जनजातीय कार्य विभाग ने 9 नवंबर को एक पत्र जारी किया था। इस पत्र में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली रथ यात्रा के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी तय की गई थी। इसी पत्र में भगवान बिरसा मुंडा की जगह गलती से 'बिरसा गुंडा' टाइप कर दिया गया। जानकारी यह भी सामने आई कि पत्र वायरल होने के बावजूद विभाग की ओर से तुरंत सुधार नहीं किया गया।

## मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड चेयरमैन से कहा-तुम्हारी गर्दन उड़ाई जाएगी!

दैनिक इंदौर संकेत

उज्जैन • मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सनवर पटेल और वक्फ बोर्ड के डायरेक्टर फैजान खान को जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में उज्जैन की महाकाल पुलिस ने स्क्र दर्ज कर ली है। दरअसल, पिछले माह उज्जैन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (क्रस्) ने पथ संचलन का निकाला था। जिसका मंच से सनवर पटेल और फैजान खान ने स्वागत किया था। इसी बात से नाराज होकर 2 अलग-अलग लोगों ने सोशल मीडिया पर उनका सिर कलम करने की धमकी दी थी।

जिसमें लिखा था कि तू है तुम्हारी जिंदगी में मुनाफिक हो। इंशा अल्लाह कल मुस्लिम मेजोरिटी आएगी और सबसे पहले तुम्हारी गर्दन उड़ाई जाएगी। धमकी मिलने के बाद पिछले माह 11 अक्टूबर को फैजान खान ने महाकाल थाने में आवेदन देकर धमकी देने वाले ताज अंसारी और मो. फैजल खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

महाकाल थाना पुलिस ने आवेदन के बाद एक माह तक जांच की और 9 नवंबर को दोनों के खिलाफ धारा 296, 351 (3), 351 (4) बीएनएस की धारा में मामला दर्ज किया है। वक्फ बोर्ड के डायरेक्टर फैजान खान ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर 5 अक्टूबर 2025 को प्रदेश भर में निकाले वाले पथ संचलन के स्वागत करने के लिए, हमने वक्फ बोर्ड के सदस्यों को कहा था।

हमने उज्जैन में सामाजिक सद्भाव को कायम रखने के लिए तोपखाना में मंच लगाकर पथ संचलन का स्वागत किया था। उक्त स्वागत का वीडियो जब हमने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया तो उसके बाद से निरंतर हमें कुछ कट्टरपंथियों द्वारा डराया धमकाया जा रहा है। अश्लील और अशोभनीय कमेंट कर अपमानित किया जा रहा है। जिससे हमें जान का खतरा है। हमारे मान-सम्मान को ठेस पहुंच रही थी।

## आईआईटी-इंदौर ने डीप-टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ का इनक्यूबेशन सेंटर शुरू

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर के सिंहासा आईटी पार्क में लगभग 10 करोड़ रुपये के संयुक्त निवेश से एक नए इनक्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर का आधिकारिक उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्देश्य मध्य प्रदेश को डीप-टेक इनोवेशन और उद्यमिता के केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

यह केंद्र आईआईटी इंदौर के टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन रिसर्च पार्क, आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन और मध्य प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एमपीएसईडीसी (मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम) के बीच एक सहयोग है।

नए केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में गहन तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना, युवा उद्यमियों को सशक्त बनाना और व्यवस्थित रूप से नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है।

10,000 वर्ग फुट में से 5,000 वर्ग फुट में फैला यह केंद्र, आशाजनक तकनीकी स्टार्टअप्स के लिए आधुनिक इनक्यूबेशन सुविधाएँ प्रदान करता है।

आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के सीईओ आदित्य एसजी व्यास के अनुसार, यह केंद्र तकनीकी विकास के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने के लिए तैयार है। खास बात यह है कि इसमें आईआईटी इंदौर द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित एक उन्नत बुद्धिमान विनिर्माण प्रयोगशाला है, जो उत्पाद प्रोटोटाइप और सत्यापन के लिए आवश्यक है।

इस परियोजना में लगभग 10 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिसमें आईआईटी इंदौर द्वारा उपलब्ध कराई गई लगभग 5 करोड़ रुपये की उन्नत प्रयोगशाला भी शामिल है। आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के तकनीकी अधिकारी वैभव जैन ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'केंद्र चालू वित्त वर्ष के दौरान स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स को उत्पाद विकास और प्रोटोटाइपिंग में मदद करने के लिए अतिरिक्त 20 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवंटित करने की योजना बना रहा है।'

# महू के बिल्डर अनीश कुरैशी का कारनामा, पीएम मोदी की फोटो एडिट कर खुद को लगाकर दिए विज्ञापन

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर • मध्य प्रदेश के इंदौर में गुंडों और असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ गए हैं। वे अब अपने पोस्टर में सीएम की ही नहीं, बल्कि पीएम की फोटो का भी बेझिझक इस्तेमाल करने लगे हैं। ये लोग अपनी तस्वीरों का इस्तेमाल करके जमकर विज्ञापन चला रहे हैं, ताकि लोगों पर असर डाल सकें और उन्हें दबा सकें। जेल में बंद गुंडे हेमंत यादव ने भी यही कारनामा किया और 13 नवंबर को सीएम डॉ. मोहन यादव की फोटो का इस्तेमाल किया।

अब एक और मामला सामने आया है। महू के एक बिल्डर ने पीएम नरेंद्र मोदी की फोटो को ही डिजिटल तरीके से एडिट करके उसका गलत इस्तेमाल किया।

**बीजेपी नेता को हटा खुद को पीएम के साथ लगाया**-इंदौर के महू के विवादित बिल्डर मोहम्मद अनीश ने यह कारनामा किया है। उसने अपने रियल एस्टेट ग्रुप राया डेवलपर्स/राया रियलिटी के प्रोजेक्ट के विज्ञापन दिए। इसमें एक फोटो उसने खुद की पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लगवाई। इस फोटो में वह पीएम मोदी को फूलों का गुलदस्ता देता दिखाई दे रहा है।

**असल में फोटो गोवा के बीजेपी प्रेसीडेंट की**-यह फोटो (बिल्डर मोहम्मद अनीश वाला) पूरी तरह से फेक है और इसे डिजिटली एडिट करके बनाया गया है। दरअसल यह फोटो 26 मार्च 2025 का है, जब बीजेपी के गोवा प्रेसीडेंट दामू नाइक ने पीएम से मुलाकात की थी। हालांकि, चालाक कुरैशी ने सायबर क्राइम को अंजाम देते हुए नाइक को हटाकर खुद को फोटो पीएम के साथ बुके देते हुए एडिट कर लिया। फिर इसे देश के बड़े मीडिया समूहों को विज्ञापन के रूप में दिया।




उन्होंने भी इसे बिना जांचे-परखे छाप दिया। इसी तरह गुंडे हेमंत यादव के भी सीएम के साथ जन्मदिन वाले फर्जी फोटो विज्ञापन भी इंदौर के अखबारों ने बिना सत्यता जांचे जमकर छापे।

**पीएम और सीएम का फोटो प्रतिबंधित होता है**-यह बात ध्यान देने वाली है कि प्रोटोकॉल नियमों के मुताबिक, बिना मंजूरी के पीएम और सीएम की फोटो का इस्तेमाल करना पूरी तरह से मना है। जहां एक तरफ गुंडा हेमंत यादव ने सीएम की फोटो का गलत इस्तेमाल किया। वहीं बिल्डर अनीश कुरैशी ने तो एक कदम और बढ़कर पीएम मोदी की फोटो को ही एडिट कर दिया और अपराध किया। इसके बाद उसने इस फर्जी फोटो का इस्तेमाल अपने प्रोजेक्ट के प्रचार के लिए किया। हैरानी की बात यह है कि अभी तक किसी सरकारी विभाग ने इस मामले पर कोई आपत्ति नहीं जताई है।

**गुंडे हेमंत ने सीएम के साथ मंत्री के भी फोटो लगाए**-गुंडे हेमंत यादव के जन्मदिन पर बधाई संदेश के साथ यह विज्ञापन छपे थे। इसमें सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, बीजेपी प्रदेश महामंत्री बने गौरव रणदिवे, उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे इन सभी की फोटो का उपयोग किया गया। (साभार द सूत्र)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र) - 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।